दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। मंगलवार 25 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 67 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# करने के लिए बेचैन, 12 मार्च को पधार रहे हैं वाटर मैन




# कितने ही कर ले कोई सितम, 12 मार्च से पहले बहेगी पवन!




कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। मंगलवार 25 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 67 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# पीएम नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की

## 9.8 करोड़ किसानों को मिले 22000 करोड़ रुपये





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) योजना की 19वीं किस्त जारी कर दी। उन्होंने बिहार के भागलपुर में एक कार्यक्रम के दौरान इस किस्त को जारी किया। इस योजना के तहत देशभर के 9.8 करोड़ किसानों को 22 हजार करोड़ रुपये की रकम जारी की गई। इसमें 2.41 करोड़ महिला किसान भी शामिल हैं।

इस दौरान उन्होंने भागलपुर से कई और प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी मौजूद रहे। पीएम किसान योजना के तहत किसानों को साल में 6 हजार रुपये दिए जाते हैं। इसके लिए हर चार महीने पर दो-दो हजार रुपये की किस्त जारी की जाती हैं। यह रकम किसानों के सीधे बैंक अकाउंट में पहुंचती है।

**6 साल हुए पूरे :** पीएम किसान सम्मान निधि योजना के 6 साल पूरे हो गए हैं। इसे 24 फरवरी 2019 को शुरू किया गया था। इस मौके पर पीएम मोदी ने किसानों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब तक करीब 3.5 लाख करोड़ रुपये किसानों के बैंक अकाउंट में पहुंच चुके हैं। इसके बारे में उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी जानकारी दी।

उन्होंने सोमवार सुबह एक्स पर लिखा है, 'पीएम-किसान के 6 वर्ष पूरे होने पर देशभर के हमारे किसान भाई-बहनों को बहुत-बहुत बधाई। मेरे लिए अत्यंत संतोष और गर्व का विषय है कि अब तक करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये उनके खाते में पहुंच चुके हैं। हमारा ये प्रयास अन्नदाताओं को सम्मान, समृद्धि और नई ताकत दे रहा है।'

**क्या है यह योजना? :** यह केंद्रीय योजना है। इसके तहत हर पात्र किसान परिवार को 6000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता दी जाती है। हर चार महीने पर 2-2 हजार रुपये की किस्त दी जाती है। यह रकम सीधे उनके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की जाती।

इस रकम का इस्तेमाल किसान अपने कई तरह के खर्च में कर सकते हैं। इससे किसानों को अपनी खेती से संबंधित उपकरण खरीदने में काफी मदद मिलती है। साथ ही वे उन्नत किस्म के बीज खरीद सकते हैं। इस रकम से किसान उर्वरक आदि भी खरीद सकते हैं। बता दें कि किसान सम्मान योजना दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी स्कीम है।

**कई शर्त हैं इस योजना के लिए :** पीएम किसान सम्मान योजना का लाभ हर किसान को नहीं मिलता। इसके लिए कई शर्तों का पूरा करना जरूरी है।

संबंधित खबर, पृष्ठ 2

# सीएमआईएस पोर्टल समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा हुए नाराज

## खराब रैंक लाने वाले विभागों को लगाई फटकार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डीएम दीपक मीणा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैश बोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका की बैठक हुई। यह बैठक राजस्व एवं विकास कार्य से जुड़ी है। इस बैठक में समीक्षा के दौरान डीएम दीपक मीणा ने बी, सी, डी व ई रैंक लाने वाले विभागों को फटकार लगाई और कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशों व दिशा निर्देशों के क्रम में लापरवाही बरतने पर सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा समयानुरूप बी, सी, डी व ई रैंक लाने वाले विभागों को फटकार लगाते हुए खराब रैंक आने का कारण स्पष्ट किया। उन्होने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने कार्यों के प्रति सजग रहें, यदि किसी विभाग के द्वारा कार्य के प्रति असंवेदनशीलता दिखाई और उनकी वजह से जनपद की खराब रैंकिंग आई तो उक्त अधिकारी के खिलाफ मुख्यमंत्री के आदेशों एवं दिशा–निर्देशों के क्रम में लापरवाही बरतने के लिए सख्त विभागीय कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि वर्तमान में जिन विभागों की अच्छी रैंक आई है वे उसे बरकरार रखते हुए और बेहतर कार्य करें। वे यह सोचकर निश्चित ना हो जाए कि आगे उन्हें मेहनत नहीं करनी पड़ेंगी, भविष्य में भी अच्छी रैंक हेतु निरंतर क्रियाशील रहना है। हम सभी की जिम्मेदारी हैं कि हमारा जनपद हर विकास एवं प्रगति में नम्बर वन पर रहे।

बैठक में मुख्यरूप से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, डीएफओ ईशा तिवारी, जीडीए सचिव राजेश सिंह, अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एसडीएम डॉ.पूजा गुप्ता, डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्तवा, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, डीएसटीओ राजीव श्रीवास्तव सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आज नहीं होगा गाजियाबाद कचहरी में काम, हड़ताल पर रहेंगे अधिवक्ता




## काम करने वालों पर होगा कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश द्वारा मंगलवार को अधिवक्ता संशोधन अधिनियम विधेयक 2025 के विरोध में समस्त बार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश से आह्वान किया था, कि दिनांक 25 फरवरी को समस्त जनपद बार एसोसिएशस, तहसील बार एसोसिएशन पूर्णतया रजिस्ट्री कार्यालय बंद रखेंगे। जिस कारण मंगलवार 25 फरवरी को बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इसके साथ ही किसी भी न्यायालय में कार्य नहीं करेंगे यदि कोई भी अधिवक्ता न्यायालय में कार्य करते हुए संलिपित मिले, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा व सचिव अमित नेहरा ने कहा है कि सभी स्टांप वेंडर और टाइपिस्ट भी अपना कार्य पूर्णता बंद रखेंगे यदि कोई भी स्टांप वेंडर या टाइपिस्ट बार एसोसिएशन गाजियाबाद के प्रस्ताव के बावजूद कार्य करते पाया गया तो उसके विरुद्ध बार एसोसिएशन गाजियाबाद दंडात्मक कार्रवाई करेगी।

# आज रात 12 बजे से होगा भोलेनाथ का महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक

## 200 से अधिक पुलिसकर्मियों की लगाई गई है दूधेश्वरनाथ मंदिर परिसर में सुरक्षा के लिए ड्यूटी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को रात 12:00 से महाशिवरात्रि के पर्व के लिए जलाभिषेक शुरू हो जाएगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जहां नगर निगम और स्थानीय लोगों ने शहर के प्रमुख मंदिरों को सजाया है। तो वहीं दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में देसी विदेशी फूलों से विशेष सजावट करने के साथ ही भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया है। रात 12 बजे से यहां श्रद्धालुओं के लिए जलाभिषेक शुरू होगा, जो महाशिवरात्रि वाली रात तक जारी रहेगा। जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में भक्त पूजन करने के लिए दूधेश्वरनाथ मंदिर पहुंचेंगे। यहां पर किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो, इसके लिए 200 से अधिक पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर लगाया जाएगा। इसके साथ ही दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर की ओर जाने वाले रास्तों पर पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग कर दी गई है ताकि यातायात व्यवस्था ठीक रहे। लोगों को जाम से दो-चार ना होना पड़े। वहीं वाहन चालकों के वाहन सड़क पर ना खड़े हो, इसके लिए चार स्थाई पार्किंग स्थल भी बनाए गए हैं। एडिशनल सीपी कार्यवाहक राजेश कुमार ने बताया है कि मंदिर परिसर और आसपास के इलाके की सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। साथ ही बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की सुरक्षा की लिहाज से ड्यूटी लगाई गई है।

### दूधेश्वरनाथ मंदिर का शिवलिंग है अलौकिक : महंत नारायण गिरी



करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी का कहना है कि दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में भगवान शिव का जो मंदिर बना है, वह बेहद पुराना और ऐतिहासिक है। यहां का शिवलिंग अलौकिक है, यह जमीन में समाया हुआ है। इसकी अलग मान्यता है। उन्होंने कहा कि यहां प्राचीन समय में रावण ने भी जलाभिषेक किया है। इसके साथ ही देश के प्रमुख राजनीतिक लोगों से लेकर अन्य क्षेत्रों में मशहूर लोग भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने व आशीर्वाद लेने के लिए वर्षभर आते रहते हैं। वहीं महाशिवरात्रि के पर्व को ध्यान में रखते हुए भगवान भोले बाबा के परिसर को सजाया गया है। वहां विशेष फूलों की सजावट और लाइटिंग की गई है। इसके साथ ही यहां विशेष रुद्राभिषेक और जलाभिषेक का कार्यक्रम भी होगा।

### मंदिर में लगती है भक्तों की लंबी कतारें, प्रशासन ने पूरे किए इंतजाम

करंट क्राइम : महाशिवरात्रि का पर्व मंगलवार की रात 12 बजे से जलाभिषेक के साथ शुरू हो जाएगा, जो महाशिवरात्रि वाले दिन बुधवार की देर शाम तक जारी रहेगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के साथ की नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की टीमों ने यहां का निरीक्षण करते हुए तैयारियां की हैं। इसके साथ ही नगर निगम ने यहां गंगाजल, लाइटिंग, सड़कों की मरम्मत, छिड़काव और बैरिकेडिंग की व्यवस्था कर ली है। इसके साथ ही यहां मोबाइल टॉयलेट और चिकित्सकों को भी लगाया गया है

# मुद्दों से भटकाती है भाजपा ध्यान, सपा कार्यकर्ता नहीं सहेंगे सपा संस्थापक नेताजी का अपमान : आशु मलिक




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को लखनऊ विधानसभा में सदन में हंगामे का माहौल रहा। सदन की कार्यवाही भी रुकी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव को लेकर सदन में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। डिप्टी सीएम के शब्दों को लेकर समाजवादी विधायकों ने हंगामा कर दिया, वो नाराज हो गए। यहां कपड़ा, रोटी सस्ती हो, दवा-पढ़ाई मुफ्ती हो कि नारे से बात शुरू हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार को लेकर मामला उठा और फिर सपा विधायकों ने स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार को लेकर सवाल उठाया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सपा संस्थापक को लेकर टिप्पणी को तो सदन में हंगामा हो गया। सपा विधायकों ने ऐलान कर दिया कि वो किसी भी कीमत पर सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव का अपमान नहीं सहेंगे। सर्वविदित है कि सपा कार्यकर्ता सपा के संस्थापक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, देश के पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव को नेताजी के नाम से संबोधित करते हैं।

इस पूरे मामले पर दैनिक करंट क्राइम ने सपा विधायक आशु मलिक से बात की। सपा विधायक आशु मलिक ने कहा कि जब भी सपा सदन में सवाल उठाती है तो सरकार इन सवालों से भागना शुरू कर देती है। गलत टिप्पणी करती है। सपा विधायक आशु मलिक ने कहा कि सपा के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव का सपाईयों के हरदिल अजीज नेताजी का पूरा राष्ट्र सम्मान करता है। वो किसी एक वर्ग या जाति के नहीं बल्कि सर्वसमाज के नेता हैं।

आशु मलिक ने कहा कि भाजपा सवालों का जवाब नहीं देती है। उन्होंने कहा कि सदन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जिन शब्दों का इस्तेमाल किया उन शब्दों से वो आहत हैं। आशु मलिक ने कहा कि नेताजी का ये अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मांग ली संगठन से पीडीए पंचायतों की रिपोर्ट

## – जिन्हें मिले बड़े पद उन्होंने नहीं किया सपोर्ट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी ने पीडीए पंचायत कार्यक्रम आयोजित किया था। ये कार्यक्रम 26 दिसंबर से 28 जनवरी तक चलना था। बताया जाता है कि अब पीडीए पंचायत कार्यक्रम की रिपोर्ट राष्ट्रीय स्तर पर मांगी गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संगठन से पीडीए पंचायत की रिपोर्ट मांगी है। सूत्र बताते हैं कि ये रिपोर्ट गाजियाबाद में रहने वाले कई राष्ट्रीय तथा प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों को सपोर्ट नहीं कर रही है। रिपोर्ट बता रही है कि सपा के कई पदाधिकारी पीडीए की पंचायत बैठकों से दूरी बना गए। सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद में जिला और महानगर संगठन ने मिलकर 70 बैठकों का आयोजन किया था। इन बैठकों में फ्रंटल संगठन के पदाधिकारी आए ही नहीं और अब ये रिपोर्ट सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पास जाएगी तो यहां फेरबदल भी हो सकता है।



### जिन्हें मिला राष्ट्रीय टीम में स्थान वो चेहरे रहे चर्चा से गुमनाम

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि पीडीए पंचायतों से दूरी बनाने वाले चेहरों में गाजियाबाद संगठन के कई ऐसे नेता हैं जिन्हें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के राष्ट्रीय और प्रदेश अस्तरीय पद दिये, लेकिन ये चेहरे बैठकों से दूरी बना गए। सूत्र बताते हैं कि बैठक से दूरी बनाने वालों में फ्रंटल संगठन के पदाधिकारी भी हैं। वो चेहरे भी हैं जिन्हें राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय पद मिले हैं। फ्रंटल ऑर्गनाइजेशन में स्थान मिले हैं। ऐसे चेहरों ने कोई रुचि पीडीए अभियान में नहीं ली है। पूर्व अध्यक्ष और पूर्व विधायक तो इस कदर दूर रहे हैं कि वो बैठक कराना तो दूर खुद किसी बैठक में नहीं पहुंचे हैं।

**पूर्व अध्यक्ष और पूर्व विधायक तो इस कदर दूर रहे हैं कि वो बैठक कराना तो दूर खुद किसी बैठक में नहीं पहुंचे हैं।**

### 3 राष्ट्रीय सचिव, 8 प्रदेश सचिव सहित 52 चेहरों ने क्या बनाई है दूरी

**करंट क्राइम।** समाजवाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अब पीडीए की लिस्ट मांग ली है और पीडीए पंचायतों का ये ब्योरा जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष को एक सप्ताह के अंदर प्रदेश कार्यालय भेजना है। सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद में तीन राष्ट्रीय सचिव और 8 प्रदेश सचिव सहित 52 ऐसे राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के फ्रंटल पदाधिकारी हैं जिन्होंने कोई बैठक नहीं कराई है। इनमें से एक यो दो चेहरे ऐसे हैं जिन्होंने पीडीए की बैठक कराई है। 95 प्रतिशत ऐसे हैं जो पीडीए वाले सीन में असहयोग की भूमिका में हैं।

### जिन्होंने नहीं किया है सहयोग उनके नाम के आगे लिखा जाएगा जीरो

**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रिपोर्ट मांगी तो वो चेहरे सामने आ गए जिन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशों का सपोर्ट नहीं किया। अब जब संगठन अपनी रिपोर्ट तैयार कर रहा है तो उसमें सभी का समाजवादी सहयोग सामने आएगा। सूत्र बताते हैं कि पीडीए बैठकों के दौरान जिन चेहरों ने एक भी बैठक का आयोजन नहीं किया है उनके नाम के आगे जीरो लिखकर भेजा रहा है।

### युवजन सभा ने 3 और महिला सभा ने कराई 8 बैठक

**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए की रिपोर्ट मांगी है तो इसमें वो चेहरे फ्लॉप रहे हैं जिन्हें राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारियां दी गई थीं। जिला और महानगर अध्यक्ष जल्द ही अपनी रिपोर्ट भेजेंगे। सूत्र बताते हैं कि महानगर में केवल सपा युवजन सभा ने पीडीए को लेकर तीन बैठकें आयोजित की हैं। यहां सपा महिला सभा ने 8 बैठकें आयोजित की हैं। इसके अलावा शिक्षक और सैनिक प्रकोष्ठ ने एक–एक बैठक आयोजित की हैं। अंबेडकर वाहिनी ने चार बैठकें आयोजित की हैं। वहीं समाजवादी यूथ के कई फ्रंटल संगठन ऐसे रहे हैं जिन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशों का पालन नहीं किया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार दौरा, किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी

# किसानों के खातों में ट्रांसफर किए गए 22 हजार करोड़



### 19वीं किस्त का लाभ से देशभर के करोड़ों किसान खुश

**पटना।** देशभर के करोड़ों किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भागलपुर में आयोजित एक खास कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी कर दी है। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने डीबीटी के जरिए देशभर के करीब 9.8 करोड़ किसानों के खाते में 22 हजार करोड़ रुपये की धनराशि ट्रांसफर की। 19वीं किस्त का लाभ मिलने के बाद से देशभर के करोड़ों किसान काफी खुश हैं। पिछले साल 5 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त जारी की थी। 18वीं किस्त मिलने के बाद से देशभर के करोड़ों किसानों को 19वीं किस्त का बेसब्री से इंतजार था, उनका यह इंतजार आज खत्म हो गया है। वहीं देश में कई किसान ऐसे हैं, जिनके खाते में 19वीं किस्त के पैसे नहीं आए हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के 19वीं किस्त के पैसे खाते में न आने की मुख्य वजह स्कीम में ई-केवाईसी और भूलेखों का सत्यापन न कराना है। अगर आपने इन दोनों जरूरी कार्यों को नहीं कराया है, तो ये एक प्रमुख वजह है जिसके चलते आपके खाते में 19वीं किस्त के पैसे नहीं आए हैं।

वहीं जिन किसानों ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना में आवेदन करते समय किसी प्रकार की गलत जानकारी दर्ज की थी, उन किसानों के खाते में भी 19वीं किस्त के पैसे नहीं आए हैं। अगर आप अटकी हुई 19वीं किस्त का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, तो जल्द से जल्द योजना में ई-केवाईसी और भूलेखों का सत्यापन करा लेना चाहिए।

इसके अलावा आपको जल्द से जल्द योजना में दर्ज अपनी गलत डिटेल्स को भी ठीक करा लेना चाहिए।

पीएम किसान सम्मान निधि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही एक शानदार स्कीम है। इस योजना के अंतर्गत भारत सरकार हर साल 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता गरीब किसानों को प्रदान करती है। 6 हजार रुपये की इस आर्थिक सहायता को हर साल तीन किस्तों के रूप में जारी किया जाता है। अब तक भारत सरकार इस योजना की कुल 19 किस्तों को जारी कर चुकी है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में बिहार का विकास होगाः नीतीश



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार के भागलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की किसान जनसभा को संबोधित करते हुए एक बार फिर आरजेडी शासनकाल के दिनों की याद दिलाई। उन्होंने लालू एवं राबड़ी देवी के राज को याद दिलाते हुए कहा कि हमारे सरकार में आने से पहले बिहार का बहुत बुरा हाल था। सड़क और बिजली की व्यवस्था बहुत खराब थी। राजधानी पटना में उस समय मात्र 8 घंटे बिजली आती थी, गांवों की तो हालत और खराब थी। सीएम ने दावा किया कि एनडीए सरकार बनने के बाद बिहार में सड़क, शिक्षा, बिजली, पानी के क्षेत्र में काफी काम हुआ है।
भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में सोमवार को मंच से संबोधित करते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी हम लोगों के बीच आए हैं, हमारे लिए सौभाग्य की बात है। बिहार से देशभर के किसानों के खाते में सम्मान निधि की राशि भेजी जा रही है। सीएम नीतीश ने कहा कि बिहार में हमने शुरू से कृषि पर जोर दिया गया है। कृषि रोडमैप बनाकर विकास कार्यक्रम चलाए गए। अभी चौथे कृषि रोडमैप पर काम चल रहा है। रोडमैप लागू होने से कृषि उत्पादन बढ़ा है। दूध, अंडा, मांस-मछली उत्पादन भी बहुत बढ़ गया है। पहले हम मछली दूसरे राज्यों से मंगाते थे। अब इस मामले में हम आत्मनिर्भर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है। बिहार के विकास के लिए भी सहयोग मिल रहे हैं। पिछली बार के केंद्रीय बजट में आर्थिक सहायता के रूप में उद्योग, सड़क, बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी राशि की घोषणा की गई। इस साल के बजट में भी मखाना बोर्ड, ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता, राष्ट्रीय स्तर के खाद्य प्रसंस्करण संस्थान की स्थापना की घोषणा की गई। इसके लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देते हैं।
सीएम नीतीश ने आगे कहा कि बिहार की प्रगति में केंद्र का सहयोग सराहनीय हैं। हम 24 नवंबर 2005 को बिहार की सत्ता में आए। तब से हम बिहार के विकास के लिए लगे हुए हैं। सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। जब हम लोग पहली बार सरकार में आए थे, उस समय शाम के बाद कोई घर से बाहर नहीं निकल पाता था। जगह-जगह लोग तरह-तरह की बातें करते हैं। हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था, समाजों में विवाद होता था। पढ़ाई का हाल खराब था, इलाज का इंतजाम नहीं था, सड़कें बहुत कम थी, जो थीं उनका बुरा हाल था, बिजली तो बहुत कम थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों ने बहुत काम किया। अब किसी प्रकार का डर नहीं है।

## महाकुंभ : ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों में धक्का-मुक्की, नहीं खुले दरवाजे

### 28 ट्रेनें की गईं 10 फरवरी तक निरस्त



**अलीगढ़।** प्रयागराज महाकुंभ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। इसको लेकर ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ उमड़ रही है। 23 फरवरी को अलीगढ़ स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों में धक्का-मुक्की हुई। गेट बंद होने की वजह से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

इधर, ट्रेनों को निरस्त कर देने से यात्रियों में सीटों को लेकर मारा-मारी देखने को मिल रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जीआरपी व आरपीएफ कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इसको लेकर ट्रेनों का ठहराव पांच से दस मिनट तक दिया जा रहा है।

वहीं, भीड़ को देखते हुए प्रयागराज के लिए रोडवेज बसों की संख्या बढ़ाई गई है। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि यात्रियों की संख्या को देखते हुए पर्याप्त बसों का संचालन किया जा रहा है।

रेलवे ने अलीगढ़ से होकर जाने वाली टूंडला-अलीगढ़, अलीगढ़-टूंडला, टूंडला-दिल्ली, अलीगढ़-कानपुर मेमू, लिच्छवी एक्सप्रेस, नई दिल्ली-पुरी एक्सप्रेस, कालका मेल, जम्मू तवी- संबलपुर, नई दिल्ली-भागलपुर, आनंद विहार ट.-रीवा एक्सप्रेस समेत ट्रेनों को 28 फरवरी तक निरस्त कर दिया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इन ट्रेनों को निरस्त किया गया है।

## विजेंद्र गुप्ता बने सर्वसम्मति से दिल्ली विधानसभा के स्पीकर




**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा सत्र के पहले दिन सभी विधायकों को शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही आज स्पीकर के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हुई, जिसमें तीन बार के भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को सोमवार को आठवीं दिल्ली विधानसभा के प्रथम सत्र में नया विधानसभा अध्यक्ष चुना गया। विपक्ष की ओर से किसी भी उम्मीदवार का नामांकन न आने के कारण उनका चुनाव बिना किसी मुकाबले के संपन्न हुआ।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रोहिणी सीट से निर्वाचित विधायक के चुनाव के लिए दो प्रस्ताव पेश किए। एक प्रस्ताव मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने और दूसरा कैबिनेट मंत्री रविंदर इंद्राज ने पेश किया। इन प्रस्तावों का समर्थन मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और प्रवेश वर्मा ने किया। इन प्रस्तावों को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। चुनाव प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली ने कराया।

सदन के अंदर पहले ही दिन विपक्ष ने काफी हंगामा किया। आम आदमी पार्टी की नेता और मंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री कार्यालय से डॉ.भीमराव अंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीरें हटाने का आरोप लगाया। उन्होंने इस मुद्दे को उठाते हुए बीजेपी को दलित और सिख विरोधी बताया।

स्पीकर के रूप में चुने जाने के बाद विजेंद्र गुप्ता ने विपक्ष द्वारा किए गए हंगामे की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह अवसर शिष्टाचार संबोधन के लिए था,न कि राजनीति करने के लिए। उन्होंने विपक्ष को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने सदन में अराजकता फैलाने की कोशिश की तो सख्त कदम उठाए जाएंगे। इसके बाद विपक्षी विधायकों ने सदन में जोरदार हंगामा शुरू कर दिया,जिससे माहौल गर्मा गया।

उन्होंने कहा कि सदन के पहले ही दिन इस तरह की अराजकता फैलाना शोभा नहीं देता। सभी सदस्यों को मयार्दा में रहकर कार्य करना चाहिए। लगातार हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद माहौल शांत करने के प्रयास किए गए ताकि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से आगे बढ़ सके।

### सीएम कार्यालय के बाहर आप विधायकों का प्रदर्शन महिलाओं को 2500 रुपये की सहायता देने की मांग की



**नई दिल्ली।** दिल्ली में नई कैबिनेट का पहला सत्र रेखा गुप्ता के विधायक के रूप में शपथ लेने के साथ शुरू होने के तुरंत बाद, आतिशी और कुछ अन्य विधायकों सहित विपक्षी नेताओं ने मुख्यमंत्री कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और महिला लाभार्थियों को 2,500 रुपये की सहायता की मांग की। आतिशी ने कहा कि हमने पिछले 2 दिनों से मुख्यमंत्री से समय मांगा था, हमें 2 दिनों तक समय नहीं मिला और आज हम सत्र के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी से मिलने गए और हमने उन्हें बताया कि पहली कैबिनेट में जो वादा किया गया था, मोदी जी ने जो गारंटी दी थी, वह वादा टूट गया है, वह गारंटी झूठी साबित हुई है।

आप नेता ने कहा कि हमें उम्मीद है कि 8 मार्च को दिल्ली की हर महिला के खाते में महिला सम्मान योजना की 2500 रुपये की पहली किस्त जरूर आ जाएगी। यह विरोध रेखा गुप्ता के उस आरोप के एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि पिछली आप सरकार ने भाजपा सरकार से पहले खाली सरकारी खजाना छोड़ दिया था।

## पीएम मोदी के झूठ मापने का कोई पैमाना होता तो वह टूटकर चूर-चूर हो जाताः लालू यादव



**पटनाः** आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव रविवार शाम पटना से दिल्ली गए। उनके साथ बेटे तेजस्वी यादव और बेटी मीसा भारती भी थीं। दिल्ली में लालू का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होगा। जाने से पहले उन्होंने पीएम मोदी के बिहार दौरे पर चुटकी ली। पीएम मोदी आज ( सोमवार ) भागलपुर में एक रैली को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

**प्रधानमंत्री मोदी पर कसा तंज :** लालू यादव ने पीएम मोदी के भागलपुर दौरे पर तंज कसा। उन्होंने किसान सम्मान निधि का जिक्र भी किया। आरजेडी प्रमुख ने कहा कि अच्छा है (पीएम) आ रहे हैं, अभी तक (सौगात) नहीं दिए थे तो अब देंगे अच्छा है। लालू यादव ने आगे कहा कि बिहार चुनाव हम लोग ही जीतेंगे।

**चुनाव है तो अब सब आएंगे :** वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बिहार में चुनाव है न... अब तो लोग बार-बार बिहार आएंगे। आरजेडी नेता ने आगे कहा कि बिहार में इस साल चुनाव है। पीएम मोदी के अलावा उनके मंत्री भी आएंगे। इसके अलावा बीजेपी के अन्य नेता भी बिहार आएंगे।

**पीएम मोदी किसानों से करेंगे बात :** बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी भागलपुर में किसानों से बात करेंगे।

## जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं, वो स्थितियां नहीं बदल सकते : मोदी



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार दौरे पर हैं। भागलपुर में किसान सम्मान समारोह के मंच से पीएम मोदी ने पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त जारी की। साथ ही कई अन्य विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, महाकुंभ के समय में इस धरती पर आना अपने आप में बड़ा सौभाग्य है। इस धरती में आस्था भी है, विरासत भी है और विकसित भारत का सामर्थ्य भी है। इस धरती से आज किसान सम्मान निधि की एक और किस्त जारी की गई है। मैं बिहार और देश के सभी किसान परिवारों को बहुत शुभकामनाएं देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, मैंने लाल किले से कहा है कि विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं। इसमें गरीब, किसान, युवा और महिलाएं ये स्तंभ हैं। किसान कल्याण एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। पहले किसानों की क्या स्थिति थी, ये सब जानते हैं। जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं, वो स्थितियों को नहीं बदल सकते। आज किसानों को पर्याप्त खाद मिलती है। कोरोना के महासंकट में भी खाद की कमी नहीं होने दी।

### मोदी-नीतीश आपका हक किसी को नहीं खाने देंगे

प्रधानमंत्री ने कहा, पहले किसानों के हक का पैसा बिचौलिए हड़प लेते थे। मगर, मोदी और नीतीश आपका हक किसी को नहीं खाने देंगे। आज किसानों का हक सीधे उनके खाते में दिया जा रहा है। ये काम कोई भ्रष्टाचारी नहीं कर सकता। कांग्रेस हो, जंगल राज वाले हों, इनके लिए किसानों की तकलीफ मायने नहीं रखती। पहले जब बाढ़ आती थी और सूखा पड़ता था तब ये लोग किसानों को अपने हाल पर छोड़ देते थे। 2014 में जब आपने एनडीए को आशीर्वाद दिया तो मैंने कहा, ऐसा नहीं चलेगा। सरकार ने ह्यपीएम फसल बीमा योजनाह्न बनाई। इस योजना के तहत पौने दो लाख करोड़ रुपये का क्लेम किसानों को आपदा के समय मिल चुका है।

### एनडीए सरकार ने इन स्थितियों को बदला

उन्होंने कहा, किसानों को खेती के लिए अच्छे बीज, पर्याप्त और सस्ती खाद चाहिए। किसानों को सिंचाई की सुविधा चाहिए। पशुओं का बीमारी से बचाव चाहिए और आपदा के समय नुकसान से सुरक्षा चाहिए। पहले इन सभी सुविधाओं को लेकर किसान संकट से घिरा रहता था। एनडीए सरकार ने इन स्थितियों को बदला है। अब किसानों को अच्छे बीज और सस्ती खाद मिल रही है।

### अगर एनडीए सरकार ना होती तो क्या होता?

पीएम मोदी ने कहा, बीते सालों में हमने सैकड़ों आधुनिक किस्म के बीज किसानों को दिए हैं। पहले यूरिया के लिए किसान लाठी खाता था। यूरिया की कालाबाजारी होती थी। अब किसानों को पर्याप्त खाद मिलती है। अगर एनडीए सरकार ना होती तो क्या होता? अगर एनडीए सरकार ना होती तो आज भी किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती। एनडीए सरकार ना होती आज किसानों को यूरिया की एक बोरी 3 हजार की मिल रही होती।

### तब शाम के बाद कोई घर से नहीं निकलता था

इससे पहले अपने संबोधन में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि जब हम 24 नवंबर 2005 में पहली बार सरकार में आए थे तब शाम के बाद कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। बुरा हाल था। समाज में बहुत विवाद थे। पढ़ाई और इलाज का हाल बेहाल था। राज्य की राजधानी पटना में केवल 8 घंटे बिजली आती थी। उसके बाद हमने कितना काम किया। अब किसी तरह का डर नहीं है। राज्य में प्रेम भाईचारा शांति का माहौल है। सभी क्षेत्रों में काम हो रहा है.

## महाकुंभ पर टिप्पणी को लेकर भड़के सीएम योगी, बोले- गिद्धों को लाशें नजर आती हैं, सनातन की सुंदरता नहीं



**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को लेकर टिप्पणी करने पर विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने महाकुंभ में अव्यवस्था और भगदड़ के मुद्दे पर जवाब देते हुए कहा कि समाजवादियों और वामपंथियों को सनातन की सुंदरता रास नहीं आ रही है।

उन्होंने एक सोशल मीडिया टिप्पणी के माध्यम से विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि महाकुंभ में जिसने जो तलाशा उसे वो मिला। गिद्धों को केवल लाश मिली। सुअरों को गंदगी मिली। संवेदनशील लोगों को रिश्तों की खूबसूरत तस्वीर मिली। आस्थावानों को पुण्य मिला। गरीबों को रोजगार मिला। अमीरों को धंधा मिला। श्रद्धालुओं को साफसुथरी व्यवस्था मिली। पर्यटकों को अव्यवस्था मिली। सद्भावना वाले लोगों को जातिरहित व्यवस्था मिली। एक ही स्थान पर सभी जाति के लोगों ने स्नान किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को लेकर किए जाने वाले प्रश्न समाजवादियों और वामपंथियों की नीयत को दशार्ते हैं।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ की व्यवस्थाओं को मैंने खुद देखा है। सपा सरकार में हुए कुंभ में एक गैर सनातनी को कुंभ का प्रभारी बना दिया गया था क्योंकि तब के मुख्यमंत्री के पास इसके लिए समय नहीं था।

मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा नेताओं के व्यवहार को लेकर भी विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि ये लोग संविधान की बात करते हैं। लोकतंत्र की बात करते हैं और महापुरुषों के सम्मान की बात करते हैं लेकिन राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा के लोगों का जो आचरण था वो बताता है कि वो संविधान के बारे में क्या सोचते हैं।

**16 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन के आयोजनों से यूपी को नई पहचान मिली है। प्रदेश के बारे में लोगों की धारणा बदली है। प्रदेश की कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। यही कारण है कि लाखों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आ रहे हैं।

## कड़ी सुरक्षा के बीच प्रदेश के अलग-अलग जिलों में शुरू हुईं बोर्ड परीक्षाएं



**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू हो गईं। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में यह परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन पहली पाली में हाईस्कूल की हिंदी का पेपर शुरू हुआ। सुबह साढ़े आठ बजे से यह परीक्षा शुरू हुई। दोपहर दो बजे से होने वाली परीक्षा में भी मुख्य रूप से इंटर का हिंदी का पेपर होगा।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। पहली पाली में हाईस्कूल में हिंदी का पेपर हुआ। प्रदेश में कहीं से भी अभी तक नकल करने या किसी भी प्रकार की व्यवस्था से जुड़ी खबर नहीं आई। परीक्षा देकर निकले छात्रों ने बताया कि हाईस्कूल में आया पेपर आसान था। कठिन प्रश्न नहीं पूछे गए। प्रश्नों को घुमा-फिराकर पूछने के बजाय उन्हें सीधे और सरल तरीके से पूछा गया। दूसरी पाली की परीक्षा में इंटरमीडिएट का इम्तहान होना है। दूसरी पाली में भी हिंदी का पेपर होना है। पहली पाली के बाद सघन सुरक्षा के बीच कॉपियों की सीलिंग और पैकिंग की गई। इस दौरान शिक्षा के साथ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। जिले में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई है। सोमवार को सुबह सात बजे से ही परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे, जहां विधिवत जांच पड़ताल के बाद केंद्र में प्रवेश दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी व विद्यालय के जिम्मेदार शिक्षक गेट पर तैनात रहे और परीक्षार्थियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। अमेठी जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 80 केंद्र बनाए गए हैं, वहीं जिले में हाई स्कूल व माध्यमिक विद्यालयों की कुल संख्या 240 है। शिक्षा विभाग ने आवश्यक सुविधाओं और परीक्षा केंद्र की दूरी को ध्यान रखते हुए केंद्रों का निर्धारण किया है। इस बार 48351 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

## 28 फरवरी तक संपत्ति का ब्योरा न देने वाले कर्मचारियों को नहीं मिलेगा मार्च में वेतन



**लखनऊ।** पी के उन राज्य कर्मचारियों को फरवरी के वेतन का भुगतान मार्च में नहीं किया जाएगा जिन्होंने अपनी संपत्ति का विवरण मानव संपदा पार्टल में नहीं दिया है। यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से 28 फरवरी तक अपनी चल और अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर दे देना है। प्रदेश में जिन भी कर्मचारियों ने यह ब्योरा नहीं दिया है उनका फरवरी माह का वेतन रोक दिया जाएगा। मालूम हो कि सभी कर्मचारियों को 31 दिसंबर 2024 को ही अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्योरा देना था। इसके बाद संपत्ति का ब्योरा देने की यह तिथि बार-बार बढ़ाई जाती रही है। जनवरी और फरवरी के पहले सप्ताह में यह तिथि दो बार बढ़ाई गई है।

**सीएम ने दिए थे ये निर्देश :** सीएम ने निर्देश दिए थे कि सर्विस बुक को मानव संपदा पोर्टल पर ई-सर्विस बुक के रूप में परिवर्तित करते हुए सभी तरह के अवकाश और एसीपी आदि संबंधी कार्य भी 1 जनवरी 2024 से मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ही किए जाएं। वर्ष 2023-24 की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीआर)मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ही ऑनलाइन दाखिल की जाए। स्थानांतरण की स्थिति में कार्यमुक्त किए जाने और कार्यभार ग्रहण करने की कार्यवाही भी मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से की जाए। इस डेट को दो बार बढ़ाया जा चुका है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# क्यों होती रही सुल्लामल के रामलीला मैदान में सोमवार को ये चर्चा

## वो नहीं लड़ना चाहते थे चुनाव, मगर क्यों वापस नहीं कर सके पर्चा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर की सबसे प्राचीन रामलीला कमेटी की चुनावी महाभारत का ऐलान हो गया है। कुष्ट रोगों के अधिकारी के पास रामलीला वालों के चुनाव की जिम्मेदारी है। उन्हें चुनाव अधिकारी बनाया गया है। रविवार को पर्चा दाखिल करने का अंतिम दिन था। रविवार को दोनों पैनल के उम्मीदवारों ने अपने-अपने पर्चे दाखिल किये और सोमवार को पर्चा वापस लेने की अंतिम तिथि थी। बताया जाता है कि पर्चा दाखिल करने के समय चुनाव अधिकारी समय से पहुंचे थे, लेकिन जब सोमवार को पर्चा वापस करने की बेला था तो यहां टाइम वाला खेला हो गया। करंट क्राइम के पास वो फोटो मौजूद हैं जिसमें शाम पांच बजे तक चुनाव अधिकारी ही नहीं आए। सूत्र बताते हैं कि तीन बजे तक पर्चा वापस हो सकता था यानी नाम वापस होना था। लेकिन बताया जाता है कि कुछ उम्मीदवार, कुछ समर्थक चुनाव में बैक गियर डालने की इच्छा से पहुंचे थे। वो पर्चा वापस करना चाहते थे, लेकिन पांच बजे तक चुनाव अधिकारी ही नहीं आए। वो जब साढ़े पांच बजे पहुंचे तब तक पर्चा वापस करने का समय निकल चुका था। 5 बजकर 3 मिनट पर लिस्ट जारी हो गई थी और अब इस चुनावी रामलीला की महाभारत होगी। अब दोनों ही पैनल आमने-सामने होंगे। बताया जाता है कि चुनाव प्रचार की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। सोमवार को अनाज मंडी में एक बैठक हुई है जिसमें लगभग 100 वोटर मौजूद रहे।





### मधुसूदन दयाल और सुशांत गोयल का वोट करेगा किसे सपोर्ट

**करंट क्राइम।** सुल्लामल की रामलीला शहर की सामाजिक गतिविधि, सांस्कृतिक गतिविधि और धार्मिक गतिविधि की धरोहर मानी जाती है। ये रामलीला कई परम्पराओं को समेटे हुए है। इस रामलीला के 300 वोट ऐसे हैं जिनमें शहर की कई हस्तियां शामिल हैं। इस बार जब चुनाव होगा तो यहां दो वोटों पर मौजूदा सियासत के हिसाब से सभी की नजर रहेगी। इस बार चुनावी पैनल में एक खेमा ऐसा है जिसे सांसद ब्लेसिंग प्राप्त है। इस पैनल से एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य चुनाव मैदान में हैं। इस पैनल से अनाज मंडी के महासचिव मैदान में हैं। वहीं दूसरी तरफ जो पैनल है उनमें अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अजय बंसल ने एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी है। उन्हीं के प्रयासों से ये चुनाव कई बार टलने के बाद हो पा रहा है। उन्होंने अपने साथ नए चेहरों को लिया है। ऐसे में जब 28 फरवरी को मतदान होगा तो यहां दो वोट अहम हैं। इनमें एक वोट मधुसूदन दयाल की है। नेहरूनगर निवासी मधुसूदन दयाल सामाजिक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। वो मेयर सुनीता दयाल के पति हैं। एक तरफ सांसद आशीर्वाद प्राप्त खेमा है और ऐसे में मधूसुदन दयाल का वोट किधर जाएगा, ये रोचक रहेगा। वहीं दूसरी वोट पूर्व सांसद स्व. सुरेंद्र प्रकाश गोयल के पुत्र सुशांत गोयल की है। सुशांत गोयल का इस रामलीला से पीढ़ियों का नाता है। वो किस पैनल के साथ रहेंगे ये देखने की बात है। वोट तो कई रोचक हैं, लेकिन ये दो वोट चुनाव में सबकी नजर में रहेंगी।

### हम तो जाएंगे दूसरे खेमे से भी मांगने वोटः संजीव मित्तल

**करंट क्राइम।** हिंडन एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य तथा दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव मित्तल साजू वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये मैदान में हैं। करंट क्राइम ने जब उनसे बात की तो उन्होंने कहा कि यह एक चुनावी रण है, लेकिन इसका एक रंग यह भी है कि यह सभी सदस्यों का एक परिवार भी है। ये चुनावी वार तो है लेकिन तकरार नहीं है। उन्होंने कहा कि हम प्रभू श्रीराम के नाम पर चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने जीत का दावा करते हु कहा कि मुझे उम्मीद है कि 250 वोट प्राप्त होंगे और जीत मिलेगी। चुनाव प्रचार को लेकर उन्होंने कहा कि हम सभी के पास वोट मांगने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम मधुसूदन दयाल और सुशांत गोयल के पास भी वोट मांगने जाएंगे। जो चुनाव लड़ रहे हैं उनसे भी वोट मांगेंगे। यह एक परिवार है और परस्पर प्यार और सौहार्द कायम रहना चाहिए। हम सब मिलकर शहर की इस प्राचीन धार्मिक प्रभू श्रीराम की धरोहर को और अधिक मजबूत पहचान देने का काम करेंगे।

# एमएलसी दिनेश कुमार गोयल ने विधानसभा में स्पोर्ट्स स्टेडियम की बदहाली का उठाया मुद्दा



**बैडमिंटन हाल की 8 वर्ष पूर्व मरम्मत कराई गयी थी। बैडमिंटन खिलाड़ी इसकी मरम्मत/जीर्णोद्धार की बराबर मांग करते आ रहे हैं।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एमएलसी दिनेश कुमार गोयल ने सदन को अवगत कराया कि जनपद गाजियाबाद के महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में बना बैडमिंटन हाल अपनी बदहाली के आंसू बहा रहा है। वुडन कोर्ट से लेकर हॉल की दीवारें रख रखाव के अभाव में खराब हो चुकी हैं।

जिस कारण शटलरों को बैडमिंटन का अभ्यास करने में बहुत ही परेशानी हो रही है। बैडमिंटन हाल की 8 वर्ष पूर्व मरम्मत कराई गयी थी, उसके बाद से इस और ध्यान नहीं दिया गया। बैडमिंटन खिलाड़ी बदहाल बैडमिंटन हाल की मरम्मत/जीर्णोद्धार की बराबर मांग करते आ रहे हैं।

इसके साथ ही जनपद मेरठ में मवाना बस स्टैण्ड से फलावदा, मामूरी तथा विभिन्न नंगला, सनौता, बडा गांव, पिलौना, बातनोर, चरला, शाहपुर जदीद, मोहनीपुर, भरोटा गावों एवं सकौती, दौराला तथा मोदीपुरम आदि बडे आबादी वाले कस्बों से होते हुए मेरठ बस स्टैण्ड तक बस का संचालन किया जा रहा था।

लगभग 8 वर्षो से बस का संचालन बन्द कर दिया गया जिससे वहां की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। एमएलसी दिनेश कुमार गोयल ने पुनः बस संचालन करने के लिए व गाजियाबाद में महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में बना बैडमिंटन हाल का जीर्णोद्धार करने के लिए सरकार से वक्तव्य की मांग की।

# मौजूदा अध्यक्ष या नए अध्यक्ष में से कौन खेलेगा भगवा दफ्तर पर होली

## फिलहाल तो डेट पर डेट और खाली है उम्मीदों की झोली

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के महानगर अध्यक्ष का ऐलान होना है। इंतजार करते-करते अब कार्यकर्ता भी हैरान है। मौसम बदल गया लेकिन ऐलान नहीं हुआ। फाइल लखनऊ से दिल्ली, दिल्ली से मेरठ, मेरठ से दिल्ली ट्रैवल कर रही है, लेकिन घोषणा का स्टेशन नहीं आ रहा है। हर बार एक डेट मिलती है और घोषणा फिर लेट हो जाती है। फिर डेट मिलती है और फिर लेट का सीन हो जाता है। सवाल यही है कि इस बार भगवा दफ्तर कौन सा चेहरा महानगर अध्यक्ष के रूप में होली खेलेगा। सूत्र बताते हैं कि घोषणा अब मार्च की ओर बढ़ रही है। ऐसे में ये बड़ा सवाल है कि क्या मौजूदा अध्यक्ष के रूप में शहर विधायक भगवा कमांडर ही महानगर कार्यालय पर होली खेलेंगे। या फिर तब तक नए अध्यक्ष की घोषणा हो जाएगी। फिलहाल इंतजार हो रहा है और मामला सेंटर एण्ड स्टेट के बीच में आ गया है। सूत्र बता रहे हैं कि दरअसल महानगर अध्यक्ष की घोषणा के तार प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा से जुड़े हैं। प्रदेश वाला मूवमेंट जिधर होगा, महानगर का मूवमेंट उसे ही फॉलो करेगा। भाजपा में प्रदेश संगठन की अपडेट होना है। सूत्र बताते हैं कि जब प्रदेश चुनाव की घोषणा होनी होगी तो उससे दो दिन पहले ही महानगर की घोषणा हो जाएगी। लिहाजा ये पूरा मामला प्रदेश संगठन पर आ रहा है। सूत्र बताते हैं कि 5 मार्च को प्रदेश संगठन वाला चुनाव हो सकता है। अगर 5 मार्च को प्रदेश संगठन के चुनाव वाला सीन बनेगा तो उससे दो दिन पहले महानगर अध्यक्ष की घोषणा हो जाएगी। ऐसे में एक उम्मीद है कि 28 फरवरी यो एक मार्च को महानगर अध्यक्ष वाली घोषणा हो सकती है। वहीं एक संभावना ये भी है कि अगर प्रदेश संगठन वाला मामला पांच मार्च से आगे बढ़ा तो फिर महानगर अध्यक्ष की घोषणा में होली वाला ट्विस्ट आ जाएगा।




# घरों में करते थे चोरी, खोड़ा पुलिस ने भेजा जेल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना खोड़ा पुलिस ने घरों में घुसकर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे पांच लाख रुपये का सामान बरामद हुआ है। दोनों पहले भी जेल जा चुके हैं और खोड़ा क्षेत्र में एक दर्जन वारदात को अंजाम दिया है। खोड़ा के वंदना एंक्लेव में 17 फरवरी को एक घर में चोरी की वारदात हुई थी। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर आरोपियों की पहचान की थी। सोमवार को पुलिस ने अभय उर्फ सोनू निवासी छिजारसी और शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से साढ़े 10 हजार रुपये समेत गहने व कपड़े आदि करीब पांच लाख रुपये का माल बरामद हुआ।



### बंद घरों को बनाते थे निशाना

**करंट क्राइम :** एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों आरोपी एक ही कॉलोनी में रहते हैं और लंबे समय से दोस्त हैं। दोनों ने 17 फरवरी की रात को चोरी की थी, जिससे संबंधित लगभग सभी सामान पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपियों ने खोड़ा में ही दो माह पहले सरस्वती विहार इलाके में भी एक घर से चोरी की थी। इसके अलावा कई अन्य वारदात को भी अंजाम देने की बात स्वीकार की है। दोनों आरोपी रात के समय निकलते हैं और बंद घरों को निशाना बनाते हैं। पुलिस इनका आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

# पार्षद ने लगाया पुलिस पर अपने चालक से बदसलूकी का आरोप

## वार्ड-09 का मामला, वीडियो हुई वायरल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** वार्ड-09 की पार्षद शीतल चौधरी ने उनके ड्राइवर अभिषेक शर्मा के साथ चौकी प्रभारी द्वारा दुर्व्यवहार करने और धमकाने का आरोप लगाया है। इसका उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी साझा किया है। साथ ही उन्होंने थाना प्रभारी और पुलिस आयुक्त को लिखे पत्र में शिकायत की है की चौकी इंचार्ज को लेकर वह पूर्व में भी शिकायत और सूचना दे चुकी हैं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उधर पुलिस का कहना है कि इस पूरे मामले की जांच हो रही है। उसके बाद वीडियो के बारे में कुछ कहा जाएगा। बताया जा रहा है कि रविवार को स्थानीय पुलिस 10 बजे से पहले एक दुकान को बंद कर रही थी, जहां अभिषेक शर्मा नाम का व्यक्ति था, उसने खुद को पार्षद शीतल चौधरी का ड्राइवर बताया और चौकी प्रभारी से उलझने लगा। सूत्रों ने बताया है कि चालक के काम के साथ ही अभिषेक दुकान पर भी काम करता है।



### वीडियो हो रहा है वायरल



**करंट क्राइम :** स्थानीय पार्षद वार्ड-09 शीतल चौधरी ने स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी पर बदसलूकी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि पुलिसकर्मी दुकानदार को धमका रहे थे। उसने पार्षद का परिचय दिया तब भी उसके साथ बदसलूकी की गई है। इस मामले को लेकर उन्होंने अधिकारियों को पत्र लिखते हुए फोन पर भी शिकायत की है।

# विदेश से आकर कर रहे थे भारतीयों से ठगी, क्राइम ब्रांच ने किया दो को गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद थाना साइबर क्राइम पुलिस ने एक मामले में शिकायत के बाद अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक आरोपी नाइजीरिया का रहने वाला है, तो दूसरा गाजियाबाद का ही रहने वाला है। पुलिस ने उनके पास से दो मोबाइल फोन, एक एटीएम कार्ड और अन्य सामान बरामद किया है। आरोपियों पर गुड़गांव में भी इसी प्रकार का मुकदमा दर्ज है। पुलिस का कहना है कि यह विदेश से आकर भारतीयों और आसपास रहने वाले लोगों को साइबर ठगी के जरिए अपना शिकार बनाने का काम करते थे। पुलिस ने दोनों को 89 लाख रुपये की एक साइबर ठगी के मामले में दबोचा है। एडीसीपी क्राइम सचिदानंद ने प्रेसवार्ता कर खुलासे की जानकारी दी।

## सेना के पूर्व अधिकारी ने दर्ज कराया था मुकदमा




### सेना के पूर्व अधिकारी को लगाया था लाखों का चूना

**करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच द्वारा एक नाइजीरियाई आरोपी जिसका नाम चुकवूडी उर्फ सन्नी निवासी जनकपुरी है और दूसरे आरोपी का नाम प्रधान गौरव कुमार है। इन्होंने वसुंधरा में रहने वाले सेना के पूर्व अधिकारी सूचित यादव से अपना केमिकल खरीदने के नाम पर फ्रॉड किया था और लगभग 89 लाख रुपए की ठगी की थी, जो वेबसाइट थी वह नाइजीरिया से संचालित हो रही थी। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने इसकी पड़ताल की और फिर साइबर ठगी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने का काम किया है।

# होली से पहले आएगी अधिकारियों के तबादले वाली लंबी लिस्ट!

## कार्यालयों में हो रही है कई स्तर के अधिकारियों के तबादले की चर्चा

## गाजियाबाद जिले में कई स्तर पर होंगे बदलाव




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद जिले में कई अलग-अलग विभागों में ऐसे अधिकारी हैं, जो यहां दो से तीन साल का समय दे चुके हैं। उनका लंबा कार्यकाल हो चुका है, तो वहीं बीते लंबे समय से आइएएस और आईपीएस अधिकारियों की तबादला लिस्ट में गाजियाबाद का नाम नहीं आ रहा है। अब चर्चा हो रही है कि महाशिवरात्रि और महाकुंभ मेले के आयोजन के बाद उत्तर प्रदेश में तबादले वाली बड़ी बदलाव की लिस्ट जारी हो सकती है। जिसमें कई स्तर के अधिकारी शामिल होने की चर्चाएं सुनाई दे रही हैं। इसमें पुलिस से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव होने की चर्चा इन दिनों गाजियाबाद और आसपास के जिलों में सुनाई दे रही है। इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा कि किस विभाग में अधिक तबादला लिस्ट का असर देखने को मिलेगा। सुनने में आ रहा है कि तबादला लिस्ट में आईएएस, आईपीएस, पीपीएस व पीसीएस स्तर के अधिकारी सवार हो सकते हैं।




### पुलिस में भी है बदलाव की चर्चा

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में भी कई ऐसे अधिकारी हैं, जिनका समय पूरा हो गया है या वह लंबी पारी खेल चुके हैं। उनको लेकर भी चर्चा हो रही है कि कहीं वह तबादला लिस्ट में सवार तो नहीं होंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद से भी इस लिस्ट में कुछ नाम जुड़ सकते हैं। जिसमें आईपीएस और पीपीएस स्तर के अधिकारियों के नाम शामिल होंगे।

### प्रशासनिक अधिकारियों के भी लिस्ट में आ सकते हैं नाम

**करंट क्राइम :** लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस महकमे के साथ ही कई अन्य विभागों में भी अधिकारियों के नाम तबादला लिस्ट में शामिल हो सकते हैं। इसमें कई प्रमुख और प्रशासनिक विभाग के अधिकारियों के नाम भी आने की संभावना बनी हुई है। अब देखना होगा की होली से पहले आने वाली बदलाव लिस्ट में कौन से विभाग के कौन अधिकारी इसमें शामिल रहते हैं।

# क्या फिर आएगा समय से पहले पुलिस की वर्दी में बदलाव वाला आदेश

## दिन में हो रही है गर्मी और रात को जारी है सर्दी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस महकमे में साल में दो बार वर्दी बदलाव होता है। जिसमें सर्दी के मौसम में गर्म वर्दी पहनने का आदेश होता है। तो गर्मी में ठंडी वर्दी निकल जाती है। बीते कुछ दिनों से दिन के समय मौसम गर्म और रात वाली सर्दी बरकरार है।

उधर पुलिस मुख्यालय लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि अगर ऐसे मौसम बना रहा तो इस बार भी होली से पहले पुलिसकर्मियों की दिन वाली वर्दी में बदलाव की अनुमति मिल सकती है। इसके लिए बाकायदा पुलिस मुख्यालय से ही आदेश जारी होगा, जिसका पुलिसकर्मी पालन करेंगे।






### रात का नहीं बदला मौसम, तो पहनी होगी गर्म वर्दी

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में दिन के समय गर्मी और रात के समय ठंडा मौसम अभी भी बना हुआ है। जिसकी वजह से रात को ड्यूटी पर रहने वाले पुलिसकर्मी अभी भी सर्दी वाली वर्दी पहन रहे हैं। आने वाले कुछ दिनों में अगर मौसम में बदलाव नहीं होता है, तो पुलिस मुख्यालय से यह वर्दी में बदलाव वाला आदेश दिन के लिए अलग और रात के लिए अलग जारी किया जा सकता है। बता दें कि पिछले साल भी मौसम परिवर्तन के चलते पुलिसकर्मियों को दिन के समय अलग और रात के समय दूसरी वर्दी पहनने का आदेश जारी किया गया था। बता दें की पुलिस महकमे में वर्ष में अक्टूबर और मार्च के महीने में पुलिसकर्मियों की दैनिक वर्दी में बदलाव होता है, जो प्रतिवर्ष जारी किया जाता है।

## संपादकीय

# सर्विस दुरुस्त हो

एयर इंडिया की सेवा फिर विवादों में घिरी है, इस बार सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने शिकायत की है। डीजीसीए ने तुरंत नोटिस भेजा। मुद्दा खराब सीटों की जानकारी होते हुए भी टिकट बुक करने का है, जो मैनेजमेंट की नीतियों पर सवाल उठाता है। एयर इंडिया की सर्विस एक बार फिर विवादों में है। इस बार विवाद कुछ ज्यादा बढ़ा हुआ दिख रहा है तो उसके पीछे सबसे बड़ी वजह यह है कि अबकी सवाल मौजूदा सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री की ओर से उठाए गए हैं। लेकिन इस सारे हो-हल्ले का हासिल क्या होगा, यह अभी नहीं कहा जा सकता।

शिकायतें आती रही हैं इस बार मंत्री जी ने एक यात्री के तौर पर अपने जो अनुभव बताए, वैसे अनुभव एयर इंडिया के विमानों से यात्रा करने वाले लोग जब-तब जाहिर करते रहे हैं। कभी सीट गड़बड़ होती है तो कभी कचरा फैला दिखता है और कभी फ्लाइट में देरी के चलते यात्रियों की सारी कैलकुलेशन बिगड़ जाती है। उन्हें अच्छा-खासा नुकसान झेलना पड़ता है।

अमल की गड़बड़ी सिविल एविएशन की नियामक संस्था ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल एयर इंडिया को नोटिस भेज दिया। लेकिन ध्यान रहे, डीजीसीए की ओर से 2022 में जारी डायरेक्टिव में यह यह स्पष्ट तौर पर कहा जा चुका है कि एयरलाइन कोई ऐसी सीट नहीं बेचेगा जो सर्विस के लायक न हो। खबरों के मुताबिक क्रू मेंबर्स ने मैनेजमेंट को खराब सीटों के बारे में जानकारी भी दे दी थी। इसके बावजूद उन सीटों के लिए टिकट बुक की गई। इससे ऐसा लगता है कि मामला किसी गफलत या लापरवाही का नहीं, मैनेजमेंट की पॉलिसी और यात्रियों की सुविधाओं को दी जाने वाली अहमियत से जुड़ा है। बेहतर प्रबंधन कैसे हो बहस का एक सिरा पब्लिक सेक्टर की बदइंजतामी के बरक्स निजी क्षेत्र की कुशलता से भी जुड़ता है। यह आम मान्यता रही है कि पब्लिक सेक्टर की इस कंपनी को प्राइवेट हाथों में अच्छे दिन नसीब होंगे। मगर पिछले तीन साल का अनुभव बताता है कि सिर्फ पब्लिक से प्राइवेट में आ जाने भर से किसी कंपनी की बेहतरी सुनिश्चित नहीं हो जाती।

चुनौतियां कम नहीं यह भी समझना होगा कि एयर इंडिया जैसी किसी कंपनी का कायापलट करना और उसे कुशलता का दूसरा नाम बनाना कोई आसान काम नहीं है। मौजूदा मामला विमानों के रखरखाव और मरम्मत से जुड़ा है। जानकार बताते हैं कि एयर इंडिया के पुराने विमानों की रिपेयरिंग में देर सप्लाई चेन से जुड़ी बाधाओं के चलते हो रही है। बहरहाल, इन चुनौतियों को यात्रियों की तकलीफों के बचाव के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। देखना होगा कि एयरलाइन ऐसी घटनाएं दोबारा न होने देने के अपने वादे पर कितना खरा उतरता है।

# रेलवे अगले वित्त वर्ष में 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लेगा: अश्विनी वैष्णव

**भोपाल ।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे अगले वित्त वर्ष में 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि रेलवे नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग भी तेजी से बढ़ा रहा है। मध्यप्रदेश के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद मध्यप्रदेश वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन (जीआईएस) 2025 को ऑनलाइन संबोधित करते हुए रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने 2030 तक रेलवे को शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि अब तक रेलवे का 97 प्रतिशत से अधिक विद्युतीकरण हासिल किया जा चुका है और वित्त वर्ष 2025-26 तक यह 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर



लेगा। मंत्री ने नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से बिजली प्राप्त करने के बारे में कहा कि अब तक रेलवे को आपूर्ति करने के लिए 1,500 मेगावाट क्षमता पहले ही तय की जा चुकी है। उन्होंने कहा, ह्यह्यमध्यप्रदेश के साथ आज हस्ताक्षरित 170 मेगावाट बिजली खरीद समझौता (पीपीए) इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

रेलवे, वारी एनर्जीज और रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड (आरयूएमएसएल) के बीच पीपीए पर हस्ताक्षर किए गए हैं। मंत्री ने आश्वासन दिया कि रेलवे मध्यप्रदेश से जो भी नवीकरणीय ऊर्जा है, उसे खरीदने के लिए तैयार है, बशर्ते आपूर्ति स्थिर रहे। उन्होंने कहा, यदि मध्यप्रदेश परमाणु ऊर्जा संयंत्र भी स्थापित कर सकता है, तो रेलवे खरीदने के लिए तैयार है। हम पवन ऊर्जा में भी रुचि रखते हैं। वैष्णव ने कहा कि रेलवे नवीकरणीय ऊर्जा आपूर्ति के लिए मध्यप्रदेश के साथ हस्ताक्षरित समान मॉडल पर अन्य राज्यों के साथ भी पीपीए पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को 2025-26 के लिए 14,745 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड रेल बजट मिला है। उन्होंने कहा, ह्यह्य2014 से पहले मध्यप्रदेश में रेलवे लाइनों के निर्माण की दर सालाना केवल 29-30 किमी हुआ करती थी, जो अब बढ़कर 223 किमी प्रति वर्ष हो गई है। काम की गति 7.5 गुना बढ़ गई है और कोष में 23 गुना वृद्धि की गई है। मंत्री ने राज्य में कई नई स्वीकृत रेल परियोजनाओं का भी जिक्र किया और चल रही परियोजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी। मध्यप्रदेश से जुड़ी विभिन्न रेल परियोजनाओं में वर्तमान में कुल 1.04 लाख करोड़ रुपये का निवेश जारी है।

# शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 856 अंक टूटा, निफ्टी 22600 से नीचे पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोमवार को लगातार पांचवें सत्र में भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांकों में गिरावट दर्ज की गई। उपभोक्ता मांग में नरमी और टैरिफ खतरों की चिंताओं के बीच वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को बड़ी गिरावट दिखी। शेयर बाजार की कैसी रही चाल।



सोमवार को लगातार पांचवें सत्र में भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांकों में गिरावट दर्ज की गई। उपभोक्ता मांग में नरमी और टैरिफ खतरों की चिंताओं के बीच वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को बड़ी गिरावट दिखी। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स 856.65 (1.13%) की गिरावट के साथ 74,454.41 पर था, जबकि निफ्टी 242.56 (-1.06%) अंक फिसलकर 22,553.35 के स्तर पर बंद हुआ। सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 86.72 रुपये (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ।

## अधिकतम रिटर्न के साथ वित्तीय लक्ष्य होंगे पूरे

# एक ही साथ जमा न करें पैसा, खोलें कई एफडी खाते

**नई दिल्ली।** एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) एक भरोसेमंद बचत विकल्प है, जो तय ब्याज के साथ रिटर्न, पूंजी सुरक्षा और लिक्विडिटी प्रदान करता है। यह स्थिरिता प्रदान करता है और अल्पकालिक से लेकर दीर्घकालिक लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करता है। हालांकि, अलग-अलग अवधि और ब्याज दरों के साथ सही एफडी का चुनाव चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ऐसे में एफडी लैडरिंग का इस्तेमाल कर एक स्मार्ट निवेशक एफडी पर अपने रिटर्न को अधिकतम कर सकता है। यह रणनीति अलग-अलग परिपक्वता अवधि के साथ कई जमाओं में निवेश फैलाकर लिक्विडिटी, रिटर्न और जोखिम को संतुलित कर इसे सरल बनाती है।




### ऐसे काम करती है रणनीति

एफडी लैडरिंग एक निवेश रणनीति है। इसमें निवेशकों को एक ही जगह पैसा जमा करने के बजाय एक साथ कई एफडी खाते खोलने होते हैं, जिनकी परिपक्वता अवधि अलग-अलग होती है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि आपके फंड का कुछ हिस्सा नियमित अंतराल पर परिपक्व होता रहे, जिससे आपको पैसा मिलता रहे। आप इसे बेहतर ब्याज दरों पर फिर से निवेश कर सकते हैं या जरूरत पड़ने पर उस रकम का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आपके पास निवेश के लिए 5 लाख रुपये हैं, तो उसे पांच साल की एक एफडी में डालने के बजाय एक से पांच साल की अवधि के लिए एक लाख रुपये की पांच एफडी में विभाजित करें। जब पहली एफडी मैच्योर हो जाए, तो इसे अगले पांच साल के लिए फिर से निवेश करें और यह चक्र जारी रखें। इस तरह, आपको अधिकतम रिटर्न के साथ लगातार लिक्विडिटी मिलती है।

### एक नहीं अलग-अलग बैंकों में जमा करें पैसा

अतिरिक्त सुरक्षा के लिए एक बैंक में एफडी करने के बजाय अलग-अलग बैंकों में खाता खोलने पर विचार करें। हर बैंक में अपनी जमा राशि पांच लाख रुपये से कम रखने का प्रयास करें, क्योंकि बैंक के डूबने पर सरकार पांच लाख रुपये की जमा बीमा देती है।

# बढ़ते तापमान से 2030 तक 30% कृषि कर्ज डूबने का खतरा, जलवायु परिवर्तन से प्रति व्यक्ति आय में गिरावट

**नई दिल्ली।** बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के कारण अगले पांच वर्षों में यानी 2030 तक कृषि एवं आवासीय कर्ज के 30 फीसदी हिस्से के डूबने का जोखिम है। बीसीजी की एक विश्लेषण रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि औसत वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर की तुलना में करीब 1.2 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। इस कारण तटीय क्षेत्रों में बाढ़ आ रही है और कृषि उत्पादन घट रहा है। इसके परिणामस्वरूप, बढ़ती चरम मौसम की घटनाओं से प्रभावित लोगों की प्रति व्यक्ति आय में गिरावट आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का लगभग आधा कर्ज, प्रकृति और उसके पारिस्थितिकी तंत्र पर काफी हद तक निर्भर है। इसलिए, कोई भी प्राकृतिक आपदा उनके मुनाफे को प्रभावित करती है।



अनुमान के मुताबिक, 2030 तक भारत के 42 फीसदी जिलों में तापमान दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। अगले पांच साल में तापमान वृद्धि से 321 जिले प्रभावित हो सकते हैं, जिससे लोगों की कमाई पर असर पड़ सकता है।

बीसीजी के प्रबंध निदेशक एवं भागीदार एशिया प्रशांत अभिनव बंसल ने कहा, भारत कोयले और कच्चे तेल से दूर होकर नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत को यह बदलाव लाने/परिवर्तन करने के लिए सालाना 150-200 अरब डॉलर का निवेश करना होगा। इसके विपरीत, भारत में जलवायु वित्त 40-60 अरब डॉलर के बीच है, जिससे 100-150 अरब डॉलर का अंतर पैदा हो रहा है। बंसल ने कहा, यह परिवर्तन अवसरों का परिदृश्य तैयार करेगा। हालांकि, हम लक्ष्य से बहुत दूर हैं और इसे 2030-40 तक घटित होते हुए देख सकते हैं, जिसकी शुरूआत होने वाली है।

### जोखिम से बचने के लिए बढ़ानी होगी जागरूकता

जलवायु परिवर्तन के भौतिक जोखिम व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। इससे उनके राजस्व पर भी असर पड़ रहा है। बीसीजी के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ साझेदारी वैश्विक लीडर (जोखिम एवं अनुपालन प्रैक्टिस) मैटेओ कोपोला ने कहा, इस प्रभाव से निपटने के लिए बैंकों को इस मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अपने ग्राहकों को हरित प्रौद्योगिकी अपनाने की सलाह देने के लिए व्यवस्थित रूप से काम करने की जरूरत है।

### बैंकों के लिए 150 अरब डॉलर का अवसर

रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ते जलवायु जोखिम पहले से ही वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में सामूहिक कार्रवाई की व्यावसायिक आवश्यकता स्पष्ट है। इसमें आगे कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन बैंकों को देश की ऊर्जा परिवर्तन जरूरतों को पूरा करने के लिए सालाना 150 अरब डॉलर का अवसर भी प्रदान करता है, क्योंकि 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य को पाने के लिए सार्वजनिक फंडिंग काफी कम है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता वेदप्रकाश गर्ग खादी वाले सोमवार को श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे और जलाभिषेक किया। पूजा अर्चना के बाद वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों ने महंत नारायण गिरी जी से भी आशीर्वाद लिया।

## राशिफल

**मेष:** अच्छी चीजों को ग्रहण करने के लिए आपका दिमाग खुला रहेगा। ऐसे लोगों से दूर रहें जिनकी बुरी आदतें आपके ऊपर असर डाल सकती हैं।

**वृष:** घर परिवार के लोगों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। आपके काम से जुड़े मसले हल हो जाएंगे। आपके खर्च बेकाबू रहेंगे इसलिए समझदारी से खर्च करें।

**मिथुन:** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवार में शांति का माहौल बना रहेगा। आप अपने सहपाठियों के साथ कहीं घूमने जायेंगे।

**कर्क:** व्यापार में अच्छा लाभ का योग आज बन सकता है। आप अपने साझेदार के साथ अच्छे व्यवहार के कारण अपने व्यापार को नई गति देंगे।

**सिंह:** आलस्य और कम ऊर्जा-स्तर शरीर के लिए जहर का काम करेंगे। किसी सृजनात्मक काम में खुद को व्यस्त रखना बेहतर रहेगा। रुका हुआ धन मिलेगा।

**कन्या:** आज कीर्ति यश में वृद्धि होगी। परिजनों के साथ मनमुटाव ना हो, इसका ध्यान रखें। मौद्रिक लाभ के लिए यह एक उत्कृष्ट दिन होगा।

**तुला:** आज आप परिवार वालों के साथ कहीं घूमने जायेंगे। आपको किसी अजनबी से अपनी बातों को शेयर करने से बचना चाहिए।

**वृश्चिक:** आपके लिए आज का दिन अनुकूलता की ओर इशारा कर रहा है। आपको आत्मविश्वास की प्राप्ति होगी और बरसों से अटके हुए काम भी पूरे होने लगेंगे।

**धनु:** आपका प्रबल आत्मविश्वास और आज के दिन का आसान कामकाज मिलकर आपको आराम के लिए काफी वक़्त देंगे।

**मकर:** आज मान-सम्मान मिलेगा। मध्याह्न के बाद स्थिति थोड़ी बदल सकती है। आज किसी को उधार न दें, परिवार के सदस्यों से मेलजोल बढ़ाना लाभकारी रहेगा।

**कुंभ:** आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। ऑफिस में कुछ दोस्तों के सहयोग से आपका प्रोजेक्ट पूरा होगा। समाज में आपका मान- सम्मान बढ़ेगा।

**मीन:** आपके लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। परिवार और काम को लेकर चली आ रही परेशानियों में कुछ कमी होगी।

## चुटकुले

लड़का लड़की को फोन करता है....
लड़का- कहां हो?
लड़की- मॉम डैड के साथ डिनर कर रही हूं 5 स्टार होटल में...
घर पहुंच के बात करती हूं।
तुम कहां हो?
लड़का- जिस भंडारे में तू खा रही है मैं वहीं तेरे पीछे वाली लाइन में परोस रहा हूं।
पूड़ी चाहिए हो तो बता देना।

---

मुसीबत में भी पत्नी से कभी पैसे उधार ना लें...
मैंने दो साल पहले 20 हजार लिए थे।
50 हजार दे चूका हूं ...अभी भी 25 बाकी हैं,
पता नहीं कौन सा हिसाब लगाती हैं।

---

मनोहर- क्या एक वाइफ अपने हसबैंड को लखपति बना सकती है?
गजोधर- हां, पर हसबैंड करोड़पति होना चाहिए।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 25 02 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



उर्वशी रौतेला (अभिनेत्री)



गावया सिसोदिया



दीपिका वर्मा



इसान सिंघल



सोबरन सिंह (पत्रकार)



चंदन अधिकारी



आकाश त्यागी



प्रतीक



प्रणव पोद्दार



राजेश यादव



वैभव भारद्वाज



अनुज त्यागी



दीपक भारद्वाज



रविन्द्र आर्य



शाहिद रजा



मोहित पांचाल



अर्पित गौड़



मनीष ठाकुर



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# मन की बात में बोले पीएम मोदी: वैश्विक खेल शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा भारत, खेलो इंडिया ने दी खिलाड़ियों को पहचान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए उत्तराखंड की सराहना की। साथ ही यादगार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सराहा। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा खिलाड़ियों की दृढ़ता एवं उनके अनुशासन की बदौलत भारत तेजी से वैश्विक खेल शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों में 11,000 से अधिक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया। उत्तराखंड देश में खेलों के मजबूत बल के रूप में भी उभर रहा है। इन खेलों ने दिखाया कि कभी हार न मानने वाले जीतते जरूर हैं।

पीएम ने कहा, उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन किया। राज्य 7वें स्थान पर रहा। यही तो खेलों की ताकत है, जो व्यक्ति विशेष और समुदाय के साथ पूरे राज्य का कायाकल्प कर देती है। युवा एथलीटों की दृढ़ता और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि आरामतलबी के साथ कोई चैंपियन नहीं बनता।

## खेलो इंडिया अभियान ने दी खिलाड़ियों को पहचान

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों के यादगार प्रदर्शनों की देश-भर में खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने सबसे ज्यादा स्वर्ण जीतने वाली भारतीय सशस्त्र बलों की टीम सर्विसेज को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन खेलों में भाग लेने वाले बहुत से खिलाड़ी खेलो-इंडिया अभियान की देन हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल, महाराष्ट्र के किरण मात्रे, तेजस शिरसे और आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी का जिक्र करते हुए कहा कि इन्होंने देश को नई उम्मीदें दी हैं।

## यूपी और कर्नाटक के खिलाड़ियों ने जीता दिल

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव और हरियाणा की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा और कर्नाटक की तैराक धिनिधि देसिन्धु ने देशवासियों का दिल जीता। पीएम ने कहा कि इस बार किशोर चैंपियंस ने भी हैरान किया। निशानेबाज गेविन (15 साल), यूपी की हैमर थ्रो खिलाड़ी अनुष्का (16) व मप्र के पोल वाल्टर देव कुमार मीणा (19) ने साबित किया कि भारत में खेलों का भविष्य बेहद प्रतिभावान पीढ़ी के हाथों में है।

# पाक की हार के बाद आईआईटी बाबा को मिला 'पनौती' का टैग, एमबीए चायवाले ने कहा- मैंने रिजाइन कर दिया

**मुंबई।** सोशल मीडिया किसी को भी तुरंत सुपरहिट करवा सकता है और उसे तुरंत जमीन पर पटक भी सकता है। हमने इसका प्रमाण रानू मंडल से लेकर तमाम सोशल मीडिया स्टार के साथ देखा है और अब महाकुंभ में वायरल हुए आईआईटीयन बाबा आजकल सोशल मीडिया के लिए स्टार बने हुए हैं लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि इनका भी जलवा खत्म हो रहा है, हालांकि बाबा का जलवा कभी था ही नहीं।

## आईआईटीयन बाबा को मिला पनौती का टैग

प्रफुल्ल बिल्लोर तो आपको याद ही होंगे, अजी हां, हम उन्हीं एमबीए चायवाले की बात कर रहे हैं जो कि खुद को पनौती कहते हैं। प्रफुल्ल टी20 विश्व कप 2024 के दौरान 'पानौती' मीम्स के सबसे बड़े चेहरे के रूप में वायरल हो गए थे। अब प्रफुल्ल बिल्लोर ने आईआईटीयन बाबा को अपना पनौती वाला टैग दे दिया है। दरअसल बाबा ने पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में भारत की हार की भविष्यवाणी की थी, लेकिन भारत मैच जीत गया। आईटीशियन बाबा, असल नाम अभय सिंह, एक एयरोस्पेस इंजीनियर से संन्यासी बन गए हैं



और उन्होंने कहा था, इस बार इंडिया नहीं जीतेगी। विराट कोहली और सबको बोल दो कि जीत के दिखा दें। मैंने बोला नहीं जीतेगी इंडिया तो नहीं जीतेगी। इस भविष्यवाणी का जवाब देते हुए, प्रफुल्ल बिल्लोर ने ट्विटर पर लिखा, मैंने हाल ही में अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया है। अब यह सब तुम्हारा है !! राम राम, जय श्री राम।

आपको याद दिला दें कि जून 2024 में, आईसीसी टी20 विश्व कप के चरम पर, प्रफुल्ल बिल्लोर ने भारतीय क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव के साथ एक सेल्फी साझा की। इसके अगले दिन, यादव ने बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए एक टी20 मैच में मात्र 6 रन बनाए। यह संयोग सोशल मीडिया पर एक बड़े मजाक में बदल गया, जहां कई लोगों ने कहा कि बिल्लोर की सेल्फी ने टीम पर 'पानौती' यानी बदकिस्मती ला दी। तस्वीर तेजी से वायरल हो गई और बिल्लोर रातोंरात इंटरनेट फेमस हो गए।



## अक्षर पटेल बने पाकिस्तान के खिलाफ बेस्ट फील्डर

# टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में शिखर धवन ने पहनाया मेडल; भारत 6 विकेट से जीता

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए टीम इंडिया ने अक्षर पटेल को बेस्ट फील्डर का मेडल दिया। टीम के ड्रेसिंग रूम में पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने उन्हें मेडल पहनाया। अक्षर ने पाकिस्तान के खिलाफ 1 कैच पकड़ा और 2 रन आउट किए।

भारत ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया। दुबई में पाकिस्तान ने 241 रन बनाए। भारत ने विराट कोहली की सेंचुरी की मदद से टारगेट हासिल कर लिया।

फील्डिंग कोच बोले- थ्रो बहुत शानदार रहे इउउकने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फील्डर ऑफ द मैच सेरेमनी की एक वीडियो पोस्ट की। इसमें टीम इंडिया के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने कहा, 'फील्डिंग बेहतरीन रही, सभी ने बैकअप लिए और ओवरथ्रो नहीं जाने दिया। विकेटकीपर राहुल ने बताया कि थ्रो की एक्यूरेसी शानदार थी, जिससे 5 डायरेक्ट हिट लगे। मैच में अहम टाइम पर 2 रनआउट आए। सपोर्ट स्टाफ का थैंक्यू, जिन्होंने टीम की फील्डिंग स्ट्रेंथ बढ़ाई। जडेजा, अक्षर और श्रेयस ने पाकिस्तानी बैटर्स को आसानी से रन नहीं लेने दिए।'

धवन ने अक्षर को मेडल पहनाया टीम इंडिया के पूर्व बैटर शिखर धवन ड्रेसिंग रूम में मेडल देने पहुंचे। उन्होंने कहा, 'टीम को शाबासी, विराट ने अच्छी बैटिंग की। शुभमन, श्रेयस ने उनका बखूबी साथ दिया। अक्षर को फील्ड पर बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैं यह मेडल पहनाता हूं।' कोहली ने 2 कैच लिए, अक्षर ने 2 रन आउट किए पाकिस्तान के खिलाफ में भारत के फील्डर्स ने एक भी कैच नहीं छोड़ा। 5 बैटर्स कैच हुए, वहीं 2 रनआउट हुए। बाकी बैटर्स बोल्ड या एलबीडब्लूय हुए। दोनों रनआउट अक्षर के थ्रो पर हुए, उन्होंने 1 कैच भी पकड़ा। विराट कोहली ने 2 कैच लिए, वहीं केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के हाथ भी 1-1 कैच आया।

कोहली बोले- कवर ड्राइव मेरी स्ट्रेंथ और वीकनेस दोनों पाकिस्तान के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच रहे विराट कोहली ने मैच के बाद कहा, 'कवर ड्राइव मेरी वीकनेस और स्ट्रेंथ दोनों रही है। मैं इस पर आउट जरूर हुआ, लेकिन इसे खेलकर मैंने बहुत रन भी बनाए। मैं अपने शॉट्स पर भरोसा रख रहा था। मैं तेज गेंदबाजों के खिलाफ रिस्क ले रहा था, ताकि गेम को कंट्रोल कर सकूं। मैं इसी तरह बैटिंग करता हूं और हमेशा ही टीम की जीत के लिए कॉन्ट्रिब्यूट करना चाहता हूं। नंबर-3 पर बैटिंग करते हुए मेरा रोल अहम हो जाता है कि मैं टीम को जीत दिलाकर ही लौटूं। पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हुए माहौल हमेशा प्रेशर वाला रहता है, लेकिन मुझे यह पसंद है।'

# श्रेयस बोले-पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी जीत अच्छी होती है कहा- मुझे कभी नहीं लगा विराट रनों के लिए जूझ रहे, उनमें रन की भूख

**मुंबई।** टीम इंडिया के मीडिल ऑर्डर बैटर श्रेयस अय्यर ने पाकिस्तान के खिलाफ जीत को अच्छी बताया। भारत ने पाकिस्तान को रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में 6 विकेट से हरा दिया।

दुबई में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम 49.4 ओवर में 241 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अय्यर ने कहा, ह्यमैंने पाकिस्तान में अभी तक एक भी मैच नहीं खेला तो मुझे नहीं पता कि वहां कैसा लगता है। लेकिन यह न्यूट्रल वेन्यू है और दोनों टीमों के लिए चुनौतीपूर्ण था। पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी जीत अच्छी होती है क्योंकि मैच हमेशा प्रतिस्पर्धी होते हैं।

उन्होंने आगे कहा, यह बड़ी चुनौती है क्योंकि काफी दबाव भी होता है। मेरी पाकिस्तान के खिलाफ तीसरा मैच था, बहुत ही मजा आया।




विराट में रनों की भूख कोहली ने इस मैच में नाबाद 100 रन बनाए। विराट ने वनडे में 51वीं और इंटरनेशनल क्रिकेट में 82वीं सेंचुरी लगाई। अय्यर ने उनकी तारीफ करते हुए कहा, मुझे कभी नहीं लगा कि विराट रनों के लिए जूझ रहे हैं।वह हमेशा रनों के लिए भूखे रहते हैं। मुझे याद है कि इस मैच से पहले प्रैक्टिस के लिए वह हमसे एक घंटा पहले आ गए थे। इसमें वह हमेशा की तरह जबर्दस्त फॉर्म में लग रहे थे।

अय्यर ने 56 रन बनाए पाकिस्तान के खिलाफ श्रेयस अय्यर ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 67 बॉल पर 56 रन बनाए। अय्यर ने कोहली के साथ 114 रन की अहम पार्टनरशिप की।

## गाजियाबाद में बकरीद से पहले बड़ी चोरी

# चोरों ने नशीला स्प्रे कर 15 बकरियां चुराईं, रखवालों को भी किया बेहोश



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना वेव सिटी के डासना इलाके में बकरीद से पहले बड़ी चोरी हुई है। चोरों ने मोहम्मद शौकीन की 15 बकरियां चुरा लीं। शौकीन ने बकरीद पर बेचने के लिए ये बकरियां पाल रखी थीं। घटना देर रात की है। शौकीन ने बकरियों के लिए घर के बाहर छप्पर बनवाया था। तीन लोग बकरियों की रखवाली कर रहे थे। चोरों ने पहले रखवालों पर नशीला स्प्रे किया। इससे तीनों बेहोश हो गए। फिर बकरियों को भी नशे का इंजेक्शन लगाया, ताकि वे शोर न करें। चोरों ने चाकू से बकरियों की रस्सियां काटीं और उन्हें गाड़ी में भरकर ले गए।

शौकीन के मुताबिक इस इलाके में पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। एसीपी वेव सिटी लिपि ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस जल्द ही चोरों को पकड़ने का दावा कर रही है।

# पाकिस्तान की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी बांग्लादेश टीम! न्यूजीलैंड के खिलाफ बना सकी सिर्फ 236 रन

**नई दिल्ली।** 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच मैच खेला जा रहा है। इस मैच के रिजल्ट पर ही मेजबान पाकिस्तान का टूनामेंट में भविष्य टिका हुआ है। हालांकि, बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है। पहले खेलने के उतरी बांग्लादेश की टीम 50 ओ वर में सिर्फ 236 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के लिए कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने सबसे ज्यादा 77 रन बनाए, वहीं जाकिर अली ने 45 रनों की पारी खेली। बता दें कि अगर आज न्यूजीलैंड की टीम जीत जाती है तो फिर पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों 2025 चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो जाएंगे। इसी कारण आज पाकिस्तान में बांग्लादेश की जीत की दुआएं हो रही हैं। कीवी टीम के सामने बांग्लादेश के बल्लेबाज तो कमाल नहीं कर सके हैं, लेकिन अब देखने वाली बात होगी कि उनके गेंदबाज कैसा प्रदर्शन करते हैं। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बांग्लादेश को बैटिंग करने का न्यौता दिया। शुरूआत में दोनों ओपनर लय में दिखे। 8.2 ओवर में 45 के स्कोर पर बांग्लादेश का पहला विकेट गिरा। तंजीद हसन 24 गेंद में एक चौके और दो छक्के के साथ 24 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। तीन नंबर पर आए मेहदी हसन मेराज 13, तौहीद हृदोय 07, मुशफिकुर रहीम 02 और महमूदुल्लाह 04 रन बनाकर पवेलियन लौटे।



# ये शॉट मेरी कमजोरी है विराट कोहली ने कबूल किया 'कड़वा सच', पाकिस्तान को रौंदकर कही 'मन की बात'

**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने स्वीकार किया कि उनका ट्रेडमार्क कवर ड्राइव उन्हें मुश्किल स्थिति में डालता है क्योंकि यह शॉट हाल में उनकी कमजोरी रहा है लेकिन इस शॉट को खेलने से उन्हें अपनी पारी खेलने में नियंत्रण मिलता है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ यादगार नाबाद शतकीय पारी खेली, जिससे भारत ने 6 विकेट से जीत हासिल की। उनकी 111 गेंद की पारी में काफी कवर ड्राइव शॉट शामिल थे और इसी शॉट की वजह से हाल में उनके प्रदर्शन में गिरावट आई थी लेकिन यह अब भी उनके तरकश का अहम हथियार बना हुआ है।

कोहली ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, यह एक मुश्किल स्थिति है। यह कवर ड्राइव पिछले कुछ वर्षों में मेरी कमजोरी भी रही है लेकिन मैंने इस शॉट पर बहुत रन बनाए हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आज का मैच सिर्फ अपने शॉट्स पर ध्यान देने के बारे में था और मुझे लगता है कि मैंने जो पहली दो बाउंड्री लगाईं, वे कवर ड्राइव पर थीं। इसलिए मुझे इसे थोड़ा जोखिम लेना पड़ा और अपने शॉट्स को आगे बढ़ाना पड़ा।

कोहली ने कहा, क्योंकि जब मैं इस तरह के शॉट लगाता हूं तो मैं क्रीज पर बल्लेबाजी करते समय नियंत्रण महसूस करता हूं। इसलिए यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से एक अच्छी पारी थी और यह एक शानदार जीत थी। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच हमेशा ही ब्लॉकबस्टर होता है लेकिन कोहली को लगता है कि रविवार का मुकाबला और भी रोमांचक था क्योंकि दुबई में स्टेडियम के स्टैंड दोनों देशों के जुनूनी प्रशंसकों से भरे हुए थे।

कोहली ने कहा, जब भी आप पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हो तो यह मौका हमेशा ही जीवंत होता है, विशेषकर इस क्षेत्र में क्योंकि यहां दोनों देशों के बराबर दर्शक मौजूद होते हैं, बतौर टीम और मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह दिन शानदार रहा। एक बार फिर भारत की जीत में योगदान देने से खुश कोहली सबसे तेज 14,000 वनडे रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने कहा कि तीसरे नंबर पर उनकी भूमिका पिछले कुछ वर्षों में अपरिवर्तित रही है।

उन्होंने कहा, एक बात जो मैंने हमेशा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते समय सोची है, वह है जोखिम को कम करना और यह सुनिश्चित करना कि मैं अपनी टीम को जीत की स्थिति में रखूं और अगर आपके पास लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच को खत्म करने का मौका है तो जाहिर है, यह बहुत बेहतर है और मैं हमेशा इस तरह की स्थिति को पसंद करता हूं। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में मेरी भूमिका एक जैसी रही है। मैच की जो भी मांग होती है, मैं अपना सिर झुकाकर ऐसा करने की कोशिश करता हूं।

# पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी पर हमला कर सकते हैं आईएसकेपी के आतंकी खिलाड़ियों के अपहरण का खतरा, खुफिया एजेंसियों ने किया आगाह

**नई दिल्ली।** खुफिया एजेंसियों को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पर आतंकी हमले की प्लानिंग की खबर मिली है। यह हमला पाकिस्तान में हो सकता है। आतंकी ग्रुप आईएसकेपी ग्रुप इसके पीछे हो सकता है। भारतीय एजेंसियों को भी विदेशी एजेंसियों ने इस बारे में बताया है। चर्चा अपहरण या आतंकी हमले की है। आईएसकेपी इस्लामिक स्टेट का एक क्षेत्रीय गुट है। यह मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय है। अभी तक कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली है। ना ही कोई ठोस साजिश सामने आई है, लेकिन इस खतरे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## सुरक्षा कारणों से ही भारत अपने सभी मैच दुबई में खेल रहा

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान में आयोजित हो रहा है, हालांकि भारतीय टीम अपने सभी मैच दुबई के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेल रही है। इसी मैदान पर उसने पहले बांग्लादेश और फिर पाकिस्तान को हराया है। भारतीय टीम को सरकार से पाकिस्तान जाने की मंजूरी नहीं मिली थी। सुरक्षा कारणों से टीम इंडिया के पाकिस्तान नहीं जाने के बाद आईसीसी ने टूनार्मेंट को हाईब्रिड मॉडल से कराने का फैसला किया था।




## आईएसकेपी का पूरा नाम इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत है

इस बीच रिपोर्ट्स की मानें तो भारतीय खुफिया एजेंसियों को आतंकी हमले की आशंका है। आईएसकेपी इस हमले को अंजाम दे सकता है। आईएसकेपी का पूरा नाम इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत है। यह इस्लामिक स्टेट का ही एक हिस्सा है। यह दक्षिण-मध्य एशिया में सक्रिय है। खासकर अफगानिस्तान और पाकिस्तान में।

भारतीय खुफिया एजेंसियों को भी इस खतरे के बारे में बताया गया है। यह जानकारी विदेशी एजेंसियों ने दी है। इस बारे में अभी तक कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला है, लेकिन खुफिया एजेंसियां सतर्क हैं। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। चर्चा है कि आईएसकेपी खिलाड़ियों का अपहरण कर सकता है या फिर कोई बड़ा आतंकी हमला कर सकता है।

**आईएसकेपी इस्लामिक स्टेट का एक क्षेत्रीय गुट है। यह मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय है।**

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में 8 टीमें ले रहीं हिस्सा

सुरक्षा एजेंसियों को पाकिस्तान में पूरी तरह से सतर्क रहने की जरूरत है। बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी एक बड़ा टूनार्मेंट है। इसमें दुनिया भर की बड़ी 8 टीमें हिस्सा लेती हैं। इसलिए सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। बता दें कि इससे पहले 2009 में गद्दाफी स्टेडियम के करीब लाहौर में श्रीलंकाई टीम पर आतंकी हमला हुआ था, जिसके बाद से इंटरनेशनल टीमों ने पाकिस्तान का दौरा करना बंद कर दिया था।

# 'दुनिया कह रही थी वो...', विराट कोहली के शतक से मोहम्मद रिजवान हैरान

**मुंबई।** भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में हार के बाद पूरा पाकिस्तान सदमे में है। फैंस रो रहे हैं और क्रिकेट एक्सपर्ट अपना गुस्सा निकाल रहे हैं। विराट कोहली के शतक की मदद टीम इंडिया को 6 विकेट से शानदार जीत मिली। दो मैचों में भारत की ये दूसरी जीत है और उसका सेमीफाइनल में स्थान लगभग पक्का हो गया है। दूसरी ओर, पाकिस्तान की टीम अगर-मगर के चक्कर में फंस गई है। अब उसे दूसरी टीमों की नतीजों पर निर्भर रहना है।

## रिजवान का छलका दर्द

भारत के खिलाफ मैच हारने के बाद पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान का दर्द सामने आया है। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि उनके खिलाड़ी लगातार एक जैसी गलती दोहरा रहे हैं और स्वीकार किया है कि यहां भारत से मिली हार के बाद उनकी टीम का चैंपियंस ट्रॉफी अभियान लगभग खत्म हो गया है। भारत से पहले न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 60 रन से हराया था। ग्रुप ए में उसका आखिरी मुकाबला 27 फरवरी को बांग्लादेश से होगा।



## हमारा सफर समाप्त हो गया: रिजवान

रिजवान ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, "हमारा सफर लगभग समाप्त हो चुका है। अब हमें अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। एक कप्तान के रूप में मुझे इस तरह की स्थिति पसंद नहीं है। हमें अपनी किस्मत खुद लिखनी चाहिए थी।" रिजवान ने भारत की जीत का श्रेय विराट कोहली को दिया जिन्होंने वनडे में 51वां और पाकिस्तान के खिलाफ चौथा शतक लगाया, उन्होंने कोहली की जमकर तारीफ की। रिजवान ने कहा, "उन्होंने जितनी कड़ी मेहनत की उससे मैं हैरान हूं। दुनिया कह रही है कि वह फॉर्म में नहीं है लेकिन इतने बड़े मैच में उन्होंने सहजता से रन बनाए।

# 31 मार्च के बाद निगम बकाया हाउस टैक्स पर लगाएगा 12% का ब्याज, वसूली की कार्रवाई है जारी

## निगम सीमा अंतर्गत भवनों से हाउस टैक्स वसूलना निगम की जिम्मेदारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आवासीय अनवासीय तथा सरकारी भवनों से हाउस टैक्स की वसूली निगम द्वारा की जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में टैक्स वसूली की रफ्तार बढ़ रही है। सभी जोनल प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में अवकाश दिवसों में भी करदाताओं की सहूलियत के लिए हाउस टैक्स वसूलने का कैंप लगा रहे हैं। रविवार के दिन लगभग 40 लाख से अधिक की वसूली हुई जिसमें कवि नगर जोन अंतर्गत महागुणपुरम सोसाइटी के निवासियों द्वारा अपना हाउस टैक्स जमा कराया गया। अन्य सोसाइटियों द्वारा भी हाउस टैक्स समय से जमा कराया जा रहा है।

## हाउस टैक्स जमा कर शहर के विकास में सुनिश्चित करें भागीदारी

### गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी भवनों पर अनिवार्य रूप से विभाग वसूलेगा हाउस टैक्स : नगर आयुक्त



**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा सभी टैक्स विभाग टीम को गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले भवनों पर हाउस टैक्स लगाने तथा वसूलने के निर्देश दिए हुए हैं जिसके क्रम में तेजी से कार्रवाई चल रही है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त द्वारा टैक्स विभाग की बैठक की गई जिसमें स्पष्ट किया गया कि ऐसे टाउनशिप तथा सोसाइटी जिनके द्वारा अपना हाउस टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है उनका समय से हाउस टैक्स जमा कराए जाने की कार्रवाई की जाए। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 31 मार्च के बाद बकाया हाउस टैक्स पर 12% का ब्याज भी वसूल करेगा उससे बचने के लिए हाउस टैक्स जमा करने के लिए कहा जा रहा है। डॉ संजीव द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि नगर निगम अधिनियम 1959 में हाउस टैक्स वसूले जाने का स्पष्ट प्रावधान है जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम सीमा के भीतर स्थित समस्त भूमि एवं भवन पर सामान्य कर अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा, स्पष्ट किया गया।




### सोसाइटी के भीतर सुविधा मुहैया करने की जिम्मेदारी निगम की नहीं

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वसूले जाने वाले हाउस टैक्स का विरोध कर रहे सोसाइटी के भवन स्वामी हेतु स्पष्ट किया गया है कि सोसाइटी के भीतर सुविधा मुहैया करने की जिम्मेदारी निगम की नहीं है तथा ऐसे भवन जिनके 100 मीटर के दायरे में पानी की पाइपलाइन या सीवर लाइन या ड्रेनेज की व्यवस्था निगम द्वारा की गई है ऐसी भवन से जल कर, सीवर कर तथा ड्रेनेज कर वसूले जाने का नियम अनुसार प्रावधान है, स्पष्ट किया गया है।

### हाउस टैक्स समय से जमा करना हर नागरिक की जिम्मेदारी

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम की प्रमुख आय का स्रोत हाउस टैक्स वसूली है जिसको समय से भुगतान करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी भवन तथा भूमि के स्वामियों से अनिवार्य रूप से हाउस टैक्स की वसूली की जाए, नगर आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं। बकाया हाउस टैक्स भी शीघ्र जमा कराया जाए। 12% ब्याज 31 मार्च 2025 के उपरांत लगना प्रारंभ होगा। ब्याज से बचने के लिए हाउस टैक्स जमा करने की अपील की गई है। सरकारी भवन सोसाइटी अनवासीय कॉलोनी आवासीय टाउनशिप, सभी के द्वारा हाउस टैक्स जमा करना अनिवार्य है स्पष्ट किया गया है। इसी क्रम में कई टाउनशिप तथा सोसाइटी के भवन स्वामी खुद भी हाउस टैक्स जमा करने के लिए आगे आ रहे हैं जो की सराहनीय है। अपनी जिम्मेदारी हाउस टैक्स जमा कर निभाते हुए हर नागरिक शहर के विकास में अपनी भागीदारी निभाई अपील की जा रही है।

# अलौकिक रूप से मनाया गया 89वां शिव जयंती महोत्सव




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन के आशियाना पाम कोर्ट क्लब हाउस में अद्भुत, अलौकिक रूप से 89वां शिव जयंती महोत्सव मनाया गया। मोहन नगर राजयोग सेवा केंद्र के संरक्षण में आशियाना पाम कोर्ट, गुलमोहर गार्डन, केडीपी ग्रैंड सवाना, के डब्ल्यू सृष्टि, क्लासिक, रिवर हाइट्स, यूनिनॉव हाइट्स, एस एस सफायर, मोती रेजिडेंसी आदि सोसाइटियों में रहने वाले अनेक ब्रह्माकुमारीज के नियमित विद्यार्थियों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी लवली दीदी ने परमात्मा शिव के अवतरण की अद्भुत घटना, उनके द्वारा संपूर्ण मानवता के कल्याण एवं पुनः आदि सनातन देवी देवता धर्म की पुनर्स्थापना की आश्चर्यजनक, अलौकिक एवं गुप्त कार्य पर प्रकाश डाला। ब्रह्माकुमारी रूपा ने राजयोग की अनुभूति से सभी को शांति का अनुभव कराया। इस अवसर पर पार्किन कंपनी के अध्यक्ष, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने अपने आध्यात्मिक जीवन के अनुभवों को साझा किया। अनेक गणमान्य जनों की उपस्थिति के साथ लगभग 300 भाई बहनों ने कार्यक्रम का लाभ लिया। अंत में शिव ध्वजारोहण के बाद सभी ने प्रसाद एवं ब्लैसिंग कार्ड लेकर आध्यात्मिक जीवन जीने की प्रेरणा ली। इससे पूर्व कल दिनांक 22 फरवरी को शिव संदेश आध्यात्मिक यात्राए का आयोजन राजनगर एक्सटेंशन में किया, जिसका समापन केडीपी ग्रांड सवाना क्लब में शिव ध्वजारोहण के साथ संपन्न हुआ।

## सीएम रेखा गुप्ता की सोशल मीडिया पर अनूठी पहल, सरदार एसपी सिंह ने दी प्रतिक्रिया






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सराहनीय व सार्थक पहल बताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार की इस अनूठी पहल से कई लोगों के दिलों को सुकून मिलेगा और कइयों के दिल जलेंगे। पर देश के सभी स्वाभिमानियों को राहत अवश्य मिलेगी।

## हाईवे पर बारातियों ने रोकी गाड़ियां आतिशबाजी कर मनाया जश्न



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नेशनल हाईवे 09 पर बारातियों की मनमानी का मामला सामने आया है। थाना वेव सिटी क्षेत्र में बारात में शामिल युवाओं ने हाईवे पर अपनी कारें खड़ी कर दीं। इससे वहां जाम की स्थिति बन गई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 17 सेकंड के वीडियो में दिखाई दे रहा है कि युवा कारों के ऊपर से आतिशबाजी कर रहे हैं। कुछ लोग हाथों से भी पटाखे फोड़ रहे हैं। यह घटना वेव सिटी कॉलोनी के बाहर नेशनल हाईवे पर हुई। मामला सामने आने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है। एसीपी वेव सिटी लिपि ने बताया कि वीडियो को संज्ञान में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## सपा महानगर अध्यक्ष एड. वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में धूमधाम से मनाई गई संत गाडगे की जयंती



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में समाज सुधारक एवं स्वच्छता अभियान के जनक बाबा संत गाडगे महाराज की 149वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने संत गाडगे एवं बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्रों के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि बाबा गाडगे ने महाराष्ट्र के कोने-कोने में अनेक धर्मशालाएं, गौशालाएं, विद्यालय, चिकित्सालय तथा छात्रावासों का निर्माण कराया। यह सब उन्होंने भीख मांग-मांगकर बनवाया। किंतु अपने सारे जीवन में उन्होंने अपने लिए एक कुटिया तक नहीं बनवाई। उन्होंने धर्मशालाओं के बरामदे या आसपास के किसी वृक्ष के नीचे ही अपनी सारी जिंदगी बिता दी। अंत में सभी ने संत गाडगे जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की। आज वैज्ञानिक युग में हम अंतरिक्ष में पहुँच गये हैं, लेकिन आज भी सामाजिक असमानता, धार्मिक पाखंड, रूढ़िवाद, अन्धविश्वास और भ्रम में आमजन को फंसाया जा रहा है, जनता झूठ पर विश्वास कर ठगी जा रही है, धर्म, जाति के नाम पर नफरत, असहिष्णुता का वातावरण बनाया जा रहा है, देश में गरीबी बढ़ रही है, योजनाएं बड़े पूंजीपतियों के पक्ष में बन रही है। इस अवसर पर शिक्षाविद राम दुलार यादव, समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट, संगीतकार हुकुम सिंह, इंजी धीरेन्द्र यादव, राजपाल यादव, हाजी मोहम्मद सलाम, राजीव गर्ग, दिलीप कुमार, सुरेश भारद्वाज, प्रेमचंद पटेल, हरिशंकर यादव, सुभाष यादव, अमर बहादुर, अखिलेश कुमार शुक्ल, हरिकृष्ण, नवीन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## सेप्टिक टैंक की नाले में बहा दी गंदगी टैंक पर लिखा था नगर निगम



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** हापुड़ रोड गोविंदपुरम एक भवन मालिक ने सेप्टिक टैंक खाली कर ट्रैक्टर चालक सेफ्टीक टैंक गंदगी नाले में बहा दिया। जिससे लोगों को कोई शक न हो तो ट्रैक्टर पर ही नगर निगम लिखा हुआ था। बिना किसी की परवाह किए हुए दिन में ही नाले में डाल दी गंदगी। भारी मात्रा में सीवेज बारिश के पानी के साथ पेयजल स्रोतों तक पहुंच गया। आसपास के लोगों ने जैसे ही गंदगी देखी तो हड़कंप मच गया। पेयजल लाइनों में सीवेज भरने की आशंका को देखते हुए। लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम को दे दी है। सहायक अभियंता आश कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर की पहचान कर नोटिस जारी किया जाएगा। मौके पर लोगों ने बताया कि जिस समय टैंक खाली हो रहा था तो आसपास में बदबू ही बदबू क्षेत्र में फैली हुई थी कुछ का कहना है कि हमने तभी नगर निगम को कॉल की थी लेकिन कोई नहीं आया लोगों का कहना है कि आए दिन इस तरह की घटना होती रहती है लेकिन नगर निगम कोई कार्रवाई नहीं करता है।

## तीन घंटे के अभियान में शराब पीने वाले 556 लोग किए गिरफ्तार





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने तीन घंटे के विशेष अभियान में 556 लोगों को गिरफ्तार किया। यह अभियान रात 7 बजे से 10 बजे तक चला। कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए इस अभियान में सबसे ज्यादा गिरफ्तारी नगर जोन से हुई। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में 295 लोगों को पकड़ा गया। इनमें विजयनगर से 72, घंटाघर से 59, नंदग्राम से 52, मधुबन बापूधाम से 49, कवि नगर से 42 और सिहानी गेट से 21 लोग शामिल हैं। देहात जोन में कुल 140 लोगों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि क्रॉसिंग रिपब्लिक से 30, लोनी से 26, लोनी बॉर्डर से 20 और मुरादनगर से 15 लोग पकड़े गए। इसके अलावा मसूरी से 13, वेव सिटी से 9, अंकुर विहार और भोजपुर से 6-6, निवाड़ी से 5 और टोनिका सिटी से 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, खुले में शराब पीने वालों की वजह से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। सभी गिरफ्तार लोगों का मेडिकल कराया गया और पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष पाटिल ने बताया कि ट्रांस हिंडन जोन से खुले में शराब पीते हुए 121 लोगों को पकड़ा गया। जिसमें थाना इंदिरापुरम से 18 कौशांबी से 21 खोड़ा 15 साहिबाबाद से 21 लिंक रोड से 10 शालीमार गार्डन से 15 टीला मोड़ से 21 लोगों को पकड़ा गया।

## डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश, कहा- सीएम डैशबोर्ड पर सुधारें जिले की रैंकिंग



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** राजस्व वसूली की धीमी रफ्तार को लेकर जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने अधिकारियों की क्लास लगाई है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने कर और गैर-कर राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने तहसील क्षेत्र में बड़े बकायादारों को आरसी जारी करें। साथ ही पिछले तीन सालों का आरसी डाटा भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर लंबित आरसी का जल्द निस्तारण किया जाए। डीएम ने लक्ष्य के मुकाबले कम वसूली पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली और अन्य कार्यों को सीएम पोर्टल से जोड़ा गया है। इससे जनपद की रैंकिंग तय होती है। उन्होंने धारा 67, 116, 80 और 24 जैसे राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य देय, विविध देय, कर-करेत्तर और राजस्व कार्यों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की खराब रैंकिंग पर चिंता जताते हुए उन्होंने अगली बैठक से पहले इसमें सुधार के निर्देश दिए।




## जल्द शुरु होने वाला थानों का निरीक्षण

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगभग दो दर्जन से अधिक थानों की संख्या हो गई है। सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आने वाले दिनों में थानों का निरीक्षण शुरू हो सकता है। वहीं बताया जा रहा है कि जिस तरह से जिले में कई दिनों से कुछ सर्किल को लेकर सूचनाएं सुनने को मिल रही हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों के अनुसार जानकारी मिल रही है कि कई थानों में सफाई, पुताई और सुंदरता वाला काम शुरू हो गया है। देखना होगा कि सिटी जोन में किसके थाने पर निरीक्षण होता है और कहां अधिकारियों की गाड़ी पहुंचती है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि थानों का निरीक्षण डीआईजी स्तर के अधिकारी कर सकते हैं, तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि सिटी में एक थाने का चयन लगभग तय हो गया है। वहीं पर अधिकारियों की गाड़ी पहुंचेगी और निरीक्षण वाला कार्य होगा। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नदिया पार और देहात जोन के लिए भी जल्द थानों का चयन हो जाएगा, जहां पर निरीक्षण होगा। अब देखना यह होगा कि निरीक्षण के दौरान केवल प्रोटोकॉल वाला मामला रहता है या लापरवाही और कमी मिलने पर कार्रवाई वाला करंट भी दिया जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस के अधिकारी इन दिनों महाशिवरात्रि की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिसमें आज से पुलिस का 24 घंटे वाला ड्यूटी टेस्ट भी शुरू हो रहा है। वहीं दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में हजारों की संख्या में जलाभिषेक करने वालों का तांता लगेगा, यहां की व्यवस्थाओं की रिपोर्ट ही बताएगी कि अधिकारियों की वर्किंग पास रही या फेल। वैसे पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में बीते कुछ दिनों में उन अधिकारी की कमी भी देखने को मिली है जिनको पिलर ऑफ पुलिस कमिश्नरेट और मैनेजमेंट कहा जाता था। उधर कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि थानों के निरीक्षण को लेकर इस बार थोड़ी हलचल दिखाई दे रही है। वैसे निरीक्षण की पूर्व से ही जानकारी होने की बात ने इस मामले का सस्पेंस थोड़ा कम दिया है। देखना होगा कि आने वाले दिनों में किस थाने में अधिकारियों की गाड़ी जाती है और क्या निरीक्षण में निकाल कर आता है, इसका इंतजार रहेगा।




## नौकर ने महिला को बंधक बनाकर लाखों की ज्वैलरी, कैश और कीमती सामान लूटा

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में एक महिला को घर में बंधक बनाकर लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-58 की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। चोरों को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया है। पीड़िता सुमन यादव पत्नी राकेश यादव सेक्टर-61 में परिवार के साथ रहती हैं। शिकायत में बताया कि घर के काम काज करने के लिए बिहार निवासी राहुल को उसने रखा था। राहुल चार दिन पहले ही घर से आया था। नौकर ने दो साथियों के साथ बनाया बंधक 22 फरवरी की शाम करीब साढ़े छह बजे राहुल अपने दो साथियों के साथ घर पर आया। उस समय मैं अकेली थी। बताया गया पीड़िता नोएडा के एक नामी बिल्डर की पत्नी है। तीनों ने अकेला पाकर मुझे बंधक बना लिया। इसके बाद राहुल ने अलमारी की चाबी लेकर लॉकर में रखा जेवर और नगदी चोरी की। साथ ही प्रॉपर्टी के पेपर भी लेकर चले गए। तीनों ने मिलकर घर का कीमती सामान चोरी किया। इसके बाद जाने लगे। साईं मंदिर के पास छोड़ी कार इस दौरान तीनों घर की पार्किंग में खड़ी फार्चूनर कार भी ले गए। हालांकि कुछ देर बाद ही कार सेक्टर-61 साईं मंदिर के पास छोड़कर चले गए। सुमन ने फोनकर पति को सारी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फारेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## टीबी जागरूकता शिविर में डॉक्टरों ने दी सलाह, 2 हफ्ते से खांसी-बुखार हो तो तुरंत कराएं जांच

### सरकार दे रही 1 हजार मासिक की मदद




**हापुड (करंट क्राइम)।** हापुड़ में क्षय रोग विभाग और कर्मचारी राज्य बीमा निगम के संयुक्त तत्वाधान में टीबी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजेश सिंह ने टीबी के लक्षणों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. सिंह ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से खांसी है और बलगम आ रहा है, तो यह टीबी का लक्षण हो सकता है। अन्य लक्षणों में बलगम में खून आना, छाती में दर्द, हल्का बुखार, वजन में कमी, भूख कम लगना और रात में पसीना आना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत निकटतम सरकारी अस्पताल में जांच करानी चाहिए। जिला पीपीएम समन्वयक सुशील चौधरी ने बताया कि भारत सरकार टीबी मरीजों को निश्चय पोषण योजना के तहत 1000 रुपए प्रति माह की आर्थिक सहायता देती है। यह राशि सीधे मरीज के बैंक खाते में जमा की जाती है। साथ ही, जनपद की स्वयंसेवी संस्थाएं और औद्योगिक संस्थान मरीजों को पोषण पोटली भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार त्यागी के मार्गदर्शन में ईएसआई औषधालय में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नागेंद्र सिंह, केंद्रीय कर्मचारी बीमा निगम के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिषेक सिंह और फार्मासिस्ट अगम सक्सेना भी मौजूद रहे।

## दुकान विवाद में दो पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट

### सिलेंडर से हमले का प्रयास, 6 गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के दादरी कोतवाली क्षेत्र में दुकान विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दतावली गांव में दो पड़ोसी पक्षों के बीच लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हुई। इस घटना में करीब आधा दर्जन लोग मामूली रूप से घायल हुए। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक पक्ष ने सिलेंडर को सड़क पर पटककर विस्फोट करने का प्रयास किया। दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला करते नजर आए। सूचना मिलते ही दादरी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच एक दुकान को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य कानूनी कार्रवाई जारी है।

# सूडान में सेना ने आरएसएफ को दिया एक और बड़ा झटका, ओबेद की घेराबंदी तोड़ी, वित्त मंत्री ने भी सराहा



**एक साल से ज्यादा समय से चल रही घेराबंदी को तोड़ दिया। इससे दक्षिण-मध्य सूडान में महत्वपूर्ण रणनीतिक क्षेत्र तक पहुंच बहाल हुई और कुख्यात अर्धसैनिक समूह रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के खिलाफ युद्ध में महत्वपूर्ण आपूर्ति मार्ग मजबूत हो सके।**

**काहिरा ।** सूडान में सेना ने रविवार को ओबेद शहर पर बता दें कि संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय अधिकार समूहों के अनुसार, खार्तूम और अन्य शहरों में हुए संघर्ष में भारी अत्याचार हुए हैं, जिसमें सामूहिक बलात्कार और जातीय हिंसा भी शामिल हैं। इन घटनाओं को युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध माना जा रहा है।सैन्य प्रवक्ता ने दी जानकारी

सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल नबील अब्दुल्ला ने कहा कि सेना ने व्हाइट नाइल प्रांत में आरएसएफ को उसके अंतिम गढ़ से भी खदेड़ दिया। इससे पहले अप्रैल 2023 में सूडान में सेना और आरएसएफ के बीच बढ़ते तनाव के बाद युद्ध शुरू हो गया था। इसके बाद से सूडान में युद्ध और अराजकता फैली हुई है। सेना ने अल-सय्यद धुरी में ओबेद शहर की सड़क को फिर से खोलने में सफलता हासिल की, जो उत्तरी कोर्डोफन प्रांत की राजधानी है। ओबेद शहर में एक बड़ा एयरबेस और सेना का महत्वपूर्ण इन्फैंट्री डिवीजन है। यह शहर खार्तूम को दक्षिण दारफुर प्रांत की प्रांतीय राजधानी न्याला से जोड़ने वाली रेलवे पर स्थित है।

ओबेद पर सेना की प्रगति को वित्त मंत्री जिब्रील इब्राहिम ने भी सराहा। उन्होंने इसे उत्तरी दारफुर प्रांत की राजधानी एल-फशर की घेराबंदी हटाने और कोर्डोफन क्षेत्र में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। सेना ने 2023 के सितंबर में एक आक्रामक अभियान शुरू किया था, जिसके बाद से आरएसएफ को कई मोर्चों पर हार का सामना करना पड़ा। सेना ने रणनीतिक क्षेत्रों और खार्तूम के आसपास के क्षेत्रों पर फिर से कब्जा कर लिया है और अब रिपब्लिकन पैलेस पर कब्जा करने के करीब है।

इसके अलावा, आरएसएफ और उसके सहयोगी कई अन्य युद्ध क्षेत्रों में भी असफल रहे हैं, जैसे कि गीजीरा प्रांत में और देश की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी पर भी सेना का कब्जा हो गया है। हालांकि, दो साल से चल रहे इस संघर्ष का कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है और अंतर्राष्ट्रीय दबाव और मध्यस्थता के प्रयास भी नाकाम रहे है।

# फ्रेडरिक मर्ज ने किया जीत का दावा, ए .एफ. डी ने दिखाया द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे मजबूत प्रदर्शन



**बर्लिन ।** जर्मनी के आम चुनाव में रविवार को जर्मन विपक्षी नेता फ्रेडरिक मर्ज.की रूढ़िवादी पार्टी ने एक मामूली जीत की ओर बढ़ते हुए अपनी स्थिति मजबूत की। वहीं दूसरी ओर जर्मनी के लिए वैकल्पिक पार्टी (एएफडी) ने अपने समर्थन को दोगुना कर लिया। बता दें कि यह समर्थन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से किसी भी दूर-दराज पार्टी का अब तक का सबसे मजबूत प्रदर्शन था।

## चांसलर ओलाफ ने स्वीकार की हार

वहीं चांसलर ओलाफ शोल्ज ने अपने सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट्स की हार स्वीकार कर ली है। साथ ही इसे निराशाजनक चुनाव परिणाम कहा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उनकी पार्टी इस राष्ट्रीय चुनाव में तीसरे स्थान पर रही और उसे युद्ध के बाद का सबसे खराब चुनाव परिणाम मिला। फ्रेडरिक मर्ज ने क्या कहा... साथ ही इस मामले में फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि वह गठबंधन सरकार बनाने के लिए तेजी से कदम उठाएंगे, हालांकि यह साफ नहीं था कि यह प्रक्रिया कितनी आसान होगी। ये चुनाव पहले से निर्धारित समय से सात महीने पहले हुए थे, जब शोल्ज का गठबंधन असंतोष और अंदरूनी कलह के कारण टूट चुका था।

बता दें कि इस चुनाव में यूरोपीय अर्थव्यवस्था के लंबे समय से चले आ रहे ठहराव और प्रवासन पर अंकुश लगाने का दबाव प्रमुख मुद्दे रहे। जहां मर्ज ने इस पर सख्त रुख अपनाया था, जिससे चुनाव में घर्षण भी उत्पन्न हुआ। इसके साथ ही यूक्रेन के भविष्य और अमेरिका के साथ यूरोप के संबंधों को लेकर अनिश्चितता का भी असर दिखा।

## एक नजर एग्जिट पोल और समीकरण पर

एग्जिट पोल और आंशिक गणनाओं के मुताबिक, मर्ज की यूनियन ब्लॉक को लगभग 29 प्रतिशत वोट मिले, जबकि एएफडी को लगभग 20 प्रतिशत वोट मिले।

# पोप फ्रांसिस 10 दिन से अस्पताल में भर्ती, फेफड़े के बाद अब किडनी में खराबी के शुरूआती लक्षण दिखे

**रोम ।** फेफड़ों में संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती पोप फ्रांसिस की हालत स्थिर है। वेटिकन ने बताया कि पोप का इलाज जारी है। अब उनकी किडनी में खराबी के शुरूआती लक्षण नजर आए। बताया गया कि रात में उन्होंने अच्छी नींद ली। सोमवार सुबह भी आराम किया। उन्होंने भोजन भी किया। वेटिकन ने यह भी बताया कि पोप फ्रांसिस अच्छे मूड में नजर आए।

पोप फ्रांसिस (88) को 'ब्रोंकाइटिस' की समस्या के बाद 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। रविवार देर रात डॉक्टरों ने बताया कि रक्त परीक्षण में उनकी किडनी में खराबी के शुरूआती लक्षण नजर आए, लेकिन यह नियंत्रण में है। शनिवार से उन्हें सांस लेने में कोई और परेशानी नहीं हुई है। उन्हें ऑक्सीजन दी जा रही है। रविवार को उन्होंने प्रार्थना सभा में भाग लिया। साथ ही लोगों से बात भी की।

डॉक्टरों का कहना है कि फ्रांसिस की उम्र, कमजोरी और पहले से ही फेफड़ों की बीमारी के चलते उनके स्वास्थ्य की स्थिति खतरनाक है। उन्होंने चेतावनी दी है कि फ्रांसिस के सामने सबसे बड़ा खतरा सेप्सिस है, जो रक्त का एक गंभीर संक्रमण है। हालांकि वेटिकन ने सेप्सिस के शुरू होने को लेकर कुछ नहीं कहा है।

## युवावस्था में निकाला गया था फेफडे.का हिस्सा

पोप फ्रांसिस जब जवान थे, तब उनके एक फेफड़े में संक्रमण के कारण उसे हटाना पड़ा था। इस कारण अब उन्हें सांस से जुड़ी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले 2023 में भी उन्हें फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था।



रविवार को न्यूयॉर्क में कार्डिनल टिमोथी डोलन ने कहा कि ईसाई धर्म के कैथोलिक संप्रदाय के लोग पोप फ्रांसिस की नाजुक हालत के बीच एकजुट हैं। हालांकि रोम में धार्मिक गुरु सार्वजनिक रूप से ऐसा कहने से बचते दिखे। डोलन ने सेंट पैट्रिक कैथेड्रल के मंच से कहा कि हमारे पवित्र पिता पोप फ्रांसिस का स्वास्थ्य बहुत ही नाजुक है और शायद वे मृत्यु शैय्या के करीब हैं। उम्मीद और प्रार्थना है कि फ्रांसिस ठीक हो जाएंगे। फ्रांसिस की स्थिति ने इन अटकलों को फिर से जन्म दे दिया है कि यदि वह अचेत हो गए या किसी अन्य प्रकार से अक्षम हो गए तो क्या होगा और क्या वह इस्तीफा दे देंगे

# समलैंगिक संबंध बनाते हुए दो छात्रों को पड़ोसियों ने पकड़ा, कोर्ट ने सुनाई 85 कोड़ों की सजा



**इंडोनेशिया :** इंडोनेशिया के आचे प्रांत की एक इस्लामी शरिया अदालत ने सोमवार को दो पुरुषों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारने की सुनाई। इन दोनों को यह सजा समलैंगिक संबंध बनाने के आरोप में सुनाई गई है। पड़ोसियों ने आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े थे आरोपी दोनों आरोपी 24 और 18 वर्ष के हैं। उन्हें सात नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें उनके पड़ोसियों ने समलैंगिक संबंध बनाने के शक में उनके किराए के कमरे में पकड़ा था। पड़ोसियों ने उनका दरवाजा तोड़कर उन्हें निर्वस्त्र और एक-दूसरे को गले लगाते हुए देखा था। दोनों आरोपियों को 85 और 80 कोड़े मारने की सजा न्यायाधीश सखवानाह ने कहा कि यह साबित हो चुका है कि दोनों छात्रों ने समलैंगिक संबंध बनाए थे और उन्हें क्रमशः 85 और 80 कोड़े मारने की सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा, मुकदमे के दौरान यह साबित हुआ कि आरोपियों ने अनुचित कृत्य किए, जिसमें एक-दूसरे को चुंबन और शारीरिक संबंध बनाना शामिल था। उन्होंने कहा, मुसलमान होने के नाते आरोपियों को आचे में लागू शरिया कानून का पालन करना चाहिए।

न्यायाधीश सखवानाह ने कहा, तीन न्यायाधीशों के पैनल ने आरोपियों को अधिकतम सौ कोड़े मारने की सजा न देने का फैसला किया, क्योंकि आरोपी छात्र अच्छे थे, अदालत में विनम्र थे, अधिकारियों के साथ सहयोग करते थे और उनका कोई पिछला अपराध नहीं था। अदालत ने वरिष्ठ नागरिक को दी थी 80 कोड़े की सजा अभियोजकों ने पहले दोनों आरोपियों के लिए 80 कोड़े की सजा की मांग की थी। लेकिन न्यायाधीशों ने एक वरिष्ठ नागरिक को कड़ी सजा दी थी, क्योंकि उन्हें लगा कि वह वहीं व्यक्ति था जिसने शारीरिक संबंध बनाने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें जगह दी।

# राष्ट्रीय लोकदल के नए जिलाध्यक्ष रामपाल ने पदाधिकारियों से की मुलाकात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने गाजियाबाद के रालोद जिलाध्यक्ष के रूप में रामपाल सिंह का नाम घोषित किया है। सोमवार को रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह आरडीसी स्थित एक होटल में पहुंचे। यहां पार्टी के पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान नए जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी को संगठन के पदाधिकारियों और पार्टी के लोगों को साथ चलने की नहीहत दी। इस दौरान गन्ना किसानों और अन्य किसानों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का भी उन्होंने आश्वासन दिया है। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल नेता अमरजीत सिंह बड्डी, एडवोकेट कुंवर अयूब अली, रामानंद गोयल, योगेंद्र चौधरी, सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू, रेखा चौधरी, अरुण कुमार भूल्लन, रविंद्र चौहान, मनवीर चौधरी और अजय प्रमुख सहित पार्टी के पुराने पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तनाव के बीच नेतन्याहू की सख्त चेतावनी

**यरुशलम ।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सीरिया के दक्षिणी क्षेत्र में सेना के प्रवेश के लिए चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इस्राइल सीरिया के दक्षिणी क्षेत्र में किसी भी नई सीरियाई सेना या विद्रोही समूहों को घुसने नहीं देगा, जो पूर्व राष्ट्रपति बशर असद को हटाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ ही, इस्राइल की सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि इस्राइली सेना अनिश्चितकाल तक दक्षिणी सीरिया के कुछ हिस्सों में मौजूद रहेगी, ताकि अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सके।

नेतन्याहू के इस बयान से यह साफ हो गया कि इस्राइल दक्षिणी सीरिया में अपनी उपस्थिति बनाए रखेगा। यह खासकर तब महत्वपूर्ण है जब सीरिया के नए नेता गृहयुद्ध के बाद अपने नियंत्रण को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।

# फ्रांस में रूसी वाणिज्य दूतावास में विस्फोट

**नई दिल्ली ।** फ्रांस के मार्सिले में सोमवार को रूसी वाणिज्य दूतावास में एक विस्फोट हुआ। इसको लेकर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि यह एक आतंकवादी हमले जैसा लगता है। करीब तीस दमकल कर्मी विस्फोट स्थल पर पहुंचे। की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि अज्ञात लोगों ने वाणिज्य दूतावास के बागीचे में दो पेट्रोल बम फेंके थे। घटनास्थल के पास एक चोरी की कार भी मिली। रूस के विदेश मंत्रालय ने की जांच की मांग जखारोवा ने कहा, रूस इस घटना की तत्काल और गहन जांच की मांग करता है और रूसी




हालांकि, रूसी समाचार एजेंसी 'तास' ने फ्रांस के बीएफएमटीवी की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं हैं। 'तास' ने एक पत्रिका सुविधाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कदम उठाने की अपील करता है। उन्होंने कहा, मार्सिले में रूसी वाणिज्य दूतावास में हुए धमाके में आतंकवादी हमले के सभी संकेत हैं।

# इस्राइल ने 620 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई रोकी अमेरिका ने समर्थन में कहा- 'हर कदम के साथ'



**नई दिल्ली ।** अमेरिका ने इस्राइल की ओर से 620 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई में देरी के फैसले का समर्थन किया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस्राइली सरकार ने हमास के बंधकों के साथ बर्बर व्यवहार को आधार बनाते हुए यह कदम उठाया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने इसे उचित प्रतिक्रिया करार दिया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इस्राइल के हर फैसले के साथ खड़े रहने की बात कही। इस बीच, हमास ने भी कहा है कि जब तक कैदियों को रिहा नहीं किया जाता, वह इस्राइल से किसी भी वार्ता के लिए तैयार नहीं है।हमास के नेता बोले- जब तक रिहाई नहीं, तब तक बातचीत नहीं

अल जजीरा के अनुसार, हमास के दो वरिष्ठ नेताओं ने कहा है कि फिलिस्तीनी समूह तब तक मध्यस्थों के माध्यम से इस्राइल के साथ आगे कोई चर्चा नहीं करेगा, जब तक कि वह शनिवार को रिहा होने वाले 620 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा नहीं कर देता।

**गाजा संघर्ष विराम वार्ता मुश्किल में :** यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब गाजा संघर्ष विराम वार्ता मुश्किल में पड़ती दिख रही है, क्योंकि हमास ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह तब तक वार्ता बंद कर देगा जब तक वादे के अनुसार फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई नहीं हो जाती। हमास की ओर से छह इस्राइली बंदियों को रिहा करने के बावजूद इस्राइल ने 620 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई स्थगित कर दी है। हमास पर बंदियों का इस्तेमाल प्रचार के लिए करने का आरोप इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में बंदियों को सौंपे जाने के समारोह को अपमानजनक बताया और हमास पर बंदियों का इस्तेमाल प्रचार के लिए करने का आरोप लगाया। अल जजीरा के अनुसार, सहायता समूह युद्ध विराम के पहले चरण के तहत इस्राइल के अधूरे वादों पर सवाल उठा रहे हैं। मिस्र और कतर भी इस्राइल पर बना रहे कैदियों को छोड़ने का दबाव अल जजीरा ने बताया कि फिलिस्तीनी कैदी सोसाइटी ने कहा है कि इस्राइल ने गाजा युद्ध विराम के अपने दायित्वों का पालन करने और 620 कैदियों को रिहा करने से इनकार कर दिया है। अल जजीरा के अनुसार, मिस्र और कतर कथित तौर पर इस्राइल पर 620 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने के लिए दबाव डाल रहे है।

# जापान-फिलीपींस मिलकर करेंगे चीन की बढ़ती आक्रामकता से निपटने की तैयारी, रक्षा सहयोग पर किया यह खुलासा



**सोमवार को मनीला में हुई उच्चस्तरीय बैठक में दोनों देशों ने सैन्य सूचनाओं की सुरक्षा और साझा रक्षा प्रशिक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण समझौते किए।**

**नई दिल्ली ।** एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए जापान और फिलीपींस ने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने का बड़ा फैसला लिया है। जापानी रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी और उनके फिलीपीन समकक्ष गिल्बर्टो टेओडोरो ने इस रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने पर सहमति जताई। दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में ड्रैगन के बढ़ते कदमों पर गहरी चिंता जताई गई

बैठक में चीन की ओर से विवादित दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में बढ़ते कदमों पर गहरी चिंता जताई गई। दोनों देशों ने संयुक्त सैन्य अभ्यास, रक्षा सूचना साझा करने और सैन्य ऑपरेशनों को बेहतर समन्वय देने पर भी चर्चा की। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब फिलीपींस ने हाल ही में अमेरिका के साथ रक्षा समझौते को भी मजबूत किया है, जिससे उसे उन्नत हथियार और सैन्य तकनीक हासिल करने में मदद मिलेगी।

जापान और फिलीपींस, संयुक्त राज्य अमेरिका के संधि सहयोगी हैं, और ये तीनों देश विवादित जलक्षेत्र सहित क्षेत्र में चीन की आक्रामक कार्रवाइयों के सबसे मुखर आलोचकों में से हैं। नाकातानी के साथ अपनी बैठक के आरंभ में, टेओडोरो ने कहा कि फिलीपींस, चीन और अन्य देशों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और कथानक को बदलने के एकतरफा प्रयासों के विरुद्ध जापान के साथ रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के लिए उत्सुक है। सैन्य सूचना संरक्षण तंत्र पर रक्षा अधिकारियों के बीच चर्चा शुरू करने पर सहमति बैठक के बाद नाकातानी ने कहा कि वह संयुक्त और बहुराष्ट्रीय रक्षा प्रशिक्षण, बंदरगाहों पर यात्रा और सूचना साझा करने सहित परिचालन सहयोग को मजबूत करने के लिए टेओडोरो के साथ सहमत हैं। नाकातानी ने कहा, हमने सैन्य सूचना संरक्षण तंत्र पर रक्षा अधिकारियों के बीच चर्चा शुरू करने पर भी सहमति व्यक्त की।

फिलीपींस ने पिछले वर्ष अपने दीर्घकालिक संधि सहयोगी, अमेरिका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, ताकि प्रमुख हथियारों के संबंध में अत्यधिक गोपनीय सैन्य खुफिया जानकारी और प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान को बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सके, जिससे अमेरिका की ओर से फिलीपींस को ऐसे हथियारों की बिक्री की जा सके।

तत्कालीन रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन और टेओडोरो ने मनीला में कानूनी रूप से बाध्यकारी सैन्य सूचना की सामान्य सुरक्षा समझौते पर उस समय हस्ताक्षर किए थे, जब अमेरिका और फिलीपींस बड़े पैमाने पर संयुक्त युद्ध अभ्यासों सहित अपनी रक्षा और सैन्य भागीदारी को बढ़ा रहे थे, जो मुख्य रूप से एशिया में चीन की बढ़ती आक्रामक कार्रवाइयों के जवाब में था।

नाकातानी ने कहा कि वह और तियोदोरो इस बात पर दृढ़ता से सहमत हैं कि हमारे आसपास का सुरक्षा वातावरण लगातार गंभीर होता जा रहा है और दोनों देशों के लिए रणनीतिक साझेदार के रूप में रक्षा सहयोग और सहभागिता को और बढ़ाना आवश्यक है ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखी जा सके।

# जर्मन चांसलर शोल्ज ने स्वीकार की हार, चुनाव नतीजों पर जताया दुख

**बर्लिन ।** जर्मनी में आर्थिक मंदी, प्रवासन (माइग्रेशन) को रोकने के दबाव और यूरोप-अमेरिका संबंधों को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच रविवार को मतदान हुआ। मतदान के बाद एग्जिट पोल में इस चुनाव में मध्य दक्षिणपंथी विपक्षी दल की जीत मिलती दिख रही है। वहीं इसमें जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज की पार्टी वामपंथी सोशल डेमोक्रेट्स (एसपीडी) की बड़ी हार होती हुई दिख रही है।



जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने रविवार को हुए राष्ट्रीय चुनावों में अपने वामपंथी सोशल डेमोक्रेट्स (एसपीडी) की बड़ी हार के बाद इसे लेकर दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह हार उनके लिए बहुत निराशाजनक है और चुनाव परिणाम अच्छे नहीं रहे। साथ ही चांसलर ने पार्टी के सदस्यों से कहा कि चुनाव परिणाम खराब हैं और इसके लिए मैं खुद ज़िम्मेदार हूं। इस दौरान, उन्होंने विपक्षी नेता फ्रेडरिक मर्ज को बधाई भी दी, जिनकी रूढ़िवादी पार्टी इस चुनाव में विजयी रही और चुनाव में सबसे ऊपर रही। फ्रेडरिक मर्ज ने क्या कहा... साथ ही इस मामले में फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि वह गठबंधन सरकार बनाने के लिए तेजी से कदम उठाएंगे, हालांकि यह साफ नहीं था कि यह प्रक्रिया कितनी आसान होगी। ये चुनाव पहले से निर्धारित समय से सात महीने पहले हुए थे, जब शोल्ज का गठबंधन असंतोष और अंदरूनी कलह के कारण टूट चुका था।

## समझिए एग्जिट पोल कितना असरदार

एग्जिट पोल और आंशिक गणनाओं के मुताबिक, मर्ज की यूनियन ब्लॉक को लगभग 29 प्रतिशत वोट मिले, जबकि एएफडी को लगभग 20 प्रतिशत वोट मिले, जो 2021 के चुनाव से दोगुना था।

## औद्योगिक क्षेत्र की व्यवस्थाओं को लेकर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

# औद्योगिक क्षेत्रों के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सहयोग के लिए हरसंभव प्रयास को तैयार निगम : नगर आयुक्त





### कचरा निस्तारण तथा सफाई व्यवस्था पर हुआ मंथन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों तथा यूपी सीडा के अधिकारियों के बीच औद्योगिक क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्यशैली को समझने के लिए बैठक हुई। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज तथा यूपी सीडा के उपमहाप्रबंधक आर एस यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप सत्यार्थी उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले कचरे के निस्तारण के लिए पूर्व में भी कार्यवाही की गई है। इसी क्रम में यूपी सीडा का हर संभव सहयोग किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों की सफाई, नालों की सफाई तथा सृजित होने वाले कूड़े के निस्तारण को किस दिशा में किया जाना है मंथन किया गया। उपस्थित अधिकारियों को प्रत्येक जोन में स्थापित औद्योगिक इकाइयों की संपूर्ण जानकारी का आदान-प्रदान करने के निर्देश दिए गए। मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग को कचरा निस्तारण से लेकर सफाई व्यवस्था तक होने वाले व्यय को लेकर तथा कार्यशैली की संपूर्ण जानकारी देते हुए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

औद्योगिक क्षेत्र मे होने वाले व्यय तथा आय को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई जिसमें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु यूजर चार्ज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में आने वाली लागत को लेकर भी चर्चा हुई समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए निगम अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्र में व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यूपी सीडा का सहयोग करने के लिए योजना बनाई गई।

इसके अलावा अन्य मदों से औद्योगिक क्षेत्र की तरफ से प्राप्त होने वाली इनकम को भी ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए टीम को कहा गया। औद्योगिक क्षेत्र में गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारों के बारे में भी चर्चा हुई। शहर हित को सर्वोपरि रखते हुए गाजियाबाद नगर निगम लगातार कार्यवाही कर रहा है जो की सराहनीय है।

# मुरादनगर में किसान सम्मान समारोह का हुआ आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सोमवार को विकास खण्ड परिसर मुरादनगर में किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अतुल गर्ग का स्वागत मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 19 वीं किस्त किसानों को दी गयी। इसके अंतर्गत जनपद गाजियाबाद में लगभग 42000 किसानों को लगभग 8 करोड रुपए सीधे डीवीडी के माध्यम से किसानों को स्थानांतरित किए गए हैं। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग ने कृषकों को निःशुल्क उर्द और मूंग के मिनी किट भी वितरित किये गए।कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग के साथ साथ मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, उप कृषि निदेशक राम जतन मिश्र, राहुल गोयल शहर मंडल अध्यक्ष, विपिन चौधरी देहात मंडल अध्यक्ष, अमरीश त्यागी, विनोद कुमार प्रधान खुर्रमपुर, प्रगतिशील किसान धर्म दत्त त्यागी ग्राम बसंतपुर सेटली, जिला कृषि अधिकारी खंड विकास अधिकारी के साथ-साथ बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मेरी थी नदिया पार के माया फैमिली वाले ग्रुप पर नजर? कुछ तीखा वाला मामला दिख रहा था उधर? मैडम रावत दिख रही थी इस मौके पर बहुत ज्यादा नाराज? किसी पार्षद से दिख रहीं थी वो बहुत ज्यादा नाराज? उनके शब्द कर रहे थे सीधा वार? वो कह रहीं थी कल के आये आज हमारा परिचय पूछने को हैं बेकरार? कहने वाले ने कहा शुरू हो गई है अब इस ग्रुप पर नई तकरार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के भगवा पार्षद धीरज अग्रवाल? इस वक्त कर रहे हैं वर्किंग बहुत ही ज्यादा हार्ड? वो क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के लिए अपने साथ लेकर चल रहे हैं गार्ड? सोमवार को उन्होंने डाला हुआ था तमाम गार्डों के साथ पार्क में डेरा? उनके तेवर करा रहे थे एहसास? वो नहीं होने देंगे अतिक्रमण करने वालों का सवेरा? कहने वाले ने कहा जहां भी दिख रहा है उनको अवैध काम? वहां पर डाल रहे हैं वो आजकल डेरा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** समाधान से नदिया पार में शक्ति दिखाने की नहीं हैं कमांडर के दोस्त पहलवान की कोई योजना? इसलिए सोचने वालों ज्यादा मत सोचना? ये तो चल रहा है उनका कार्यक्रम करने वाला सीजन? इससे ज्यादा नहीं है कोई बड़ा रीजन? 23 मार्च को भी वो करेंगे अपनी संस्था के बैनर पर प्रोग्राम? इसलिए इसको आप साहिबाबाद में किसी भी तरह के शक्ति प्रदर्शन से मत जोडो श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपके सामने कर रहे हैं जिज्ञासाओं के बाजार में एक ऐसे चेहरे का जिक्र? कौन बनेगा महानगर अध्यक्ष, इस चेहरे को बिल्कुल भी नहीं है इस बात की फिक्र? मिस्टर सिंघल इस वक्त अपने काम पर ही दे रहे हैं पूरी शिद्दत से ध्यान? बाकी उनको मिलता है लीलाओं का मंचन कराने में ही काफी ज्यादा आराम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मिस्टर जायसवाल के बर्थडे हम सोशल मीडिया से लेकर हर प्लेटफार्म पर देख रहे थे तस्वीर? तस्वीर में दिखाई दे रहा था हमें दरियों का सीन? हम सोच रहे थे कि कुछ तस्वीरें हमें ताकतवर वैश्य नेता के साथ भी देंगी दिखाई? इन तस्वीरों में ये चेहरे भी जायसवाल जी को बधाई देते हुए देंगे दिखाई? मगर जैसा हम सोच रहे थे वैसे नहीं दिखे हालात? कुछ तो दूरियां बढ़ी हैं, या फिर कुछ और ही है बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं जो आपको बात बता रहा हूं? वो नहीं है आम? लिख कर रख लो विधायक जी के साथ खलेगा उनको कुंभ वाला स्नान? देखना उनकी आने वाले समय में बनेगी सरकारी व्यवस्था पर बात? या तो वो बोर्ड में जायेंगे या फिर किसी और मजबूत व्यवस्था पर बनेगी उनकी बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा सरदार ने ये तो साबित कर दिया उनके पक्ष में जनता का प्यार है अपार? जब हमने देखा बहुत जबरदस्त हुआ उनके पक्ष में प्रदर्शन? जब उन पर हुई एफआईआर? मगर अब हैं हम इस बात पर कन्फ्यूज? क्या प्रदर्शन के बाद हाथी वालों ने उनके ऊपर लगे मुकदमों को किया है रिफ्यूज? हम नहीं जनता इस बारे में जानना चाहती है हालात? आखिर क्षेत्र के लोगों के जुडे हुए हैं उनसे जज्बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जल वाले भगवा सारस्वत जी का है टॉम क्रूज लुक वाले मैम्बर प्रवीण चौधरी से बहुत ज्यादा प्यार? हमने कई ऐसे मौके देखें हैं जहां पर हर खुशी के पल में हुए हैं उनके चौधरी साहब के साथ दीदार? कहने वाले ने कहा वर्षगांठ पर भी उन्होंने परिवार को मिलकर दी है बधाई? ऐसी मोहब्बत हमें हर किसी में नहीं देती है दिखाई?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आजकल भगवा गोयल ने ऊंचे वाले सदन में उठाई हुई है जोरदार आवाज? देखते ही बन रही है उनके मुकदमों की आंच? कहने वाले ने कहा अगर वो इतने ही जोरदार तरीके से अपने प्रिय मास्टर के पक्ष में भी उठा लें शमशीर? सच बता रहे हैं, देर नहीं लगेगी भगवा मास्टर की खुलने में तकदीर? हम तो इंतजार कर रहे हैं कि ना जाने कब सामने आयेगी इस तरह की तस्वीर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कांग्रेस फिर से चल रही है सियासी साईलेंट मोड पर? क्या मुद्दों के अभाव से जूझ रही है कांग्रेस? क्यों कहा कहने वाले ने कि कांग्रेस के क्रान्तिकारी नेता भी आ गये हैं अब शांति वाले मोड में? फायर ब्रांड डॉली से लेकर क्रान्तिकारी बिजेन्द्र यादव भी नहीं दिख रहे हैं किसी अंदाज में? क्यों कहा कहने वाले ने कि जब युद्ध की घोषणा हो, उससे पहले तीर तो रखने चाहिए कमान में?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# गाजियाबाद वृद्धाश्रम के 15 निराश्रित वृद्धजनों ने महाकुंभ संगम में किया स्नान

### समाज कल्याण मंत्री के निर्देश पर निःशुल्क भोजन, आवास और आवागमन की मिल रही है सुविधा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रदेश की डबल इंजन की सरकार निराश्रित वरिष्ठजनों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को लेकर लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर विभाग द्वारा जनपद में दुहाई स्थित वृद्धाश्रम में रहने वाले 15 निराश्रित वरिष्ठजनों को महाकुंभ में स्नान कराया गया। इसके साथ ही वरिष्ठजनों ने समाज कल्याण विभाग द्वारा बनाये गए पैवेलियन का भी भ्रमण किया। जनपद गाजियाबाद के दुहाई स्थित वृद्धाश्रम में निवासरत संवासी राजेन्द्र प्रसाद अवस्थी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अत्याधिक सहयोग किया गया। समाज कल्याण विभाग ने रहने, खाने, चिकित्सीय सुविधाओं के साथ-साथ वृद्धावस्था पेंशन का भुगतान भी प्राप्त हो रहा है। महाकुभ में श्रवण कुभ की अवधारणा को मूर्त रूप प्रदान करते हुये एलिम्को द्वारा वृद्धजनों को आवश्यकतानुसार सहयोगी उपकरणः- छड़ी, श्रवण सहायक यत्र, चश्मा इत्यादि का वितरण किया गया। महाकुभ से श्रवण कुभ वृद्धाश्रम संवासियों का अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।



### विभाग के कैंप में बना है 100 बेड का अस्थायी आश्रम

करंट क्राइम। समाज कल्याण विभाग द्वारा कुंभ क्षेत्र में पहली बार कैंप स्थापित किया गया है। कैंप में वरिष्ठजनों के लिए 100 बेड की क्षमता का एक आश्रम भी तैयार किया गया है। इस आश्रम में वरिष्ठजनों को नि:शुल्क भोजन, आवागमन और रुकने की व्यवस्था समाज कल्याण विभाग द्वारा की गयी है। वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कैंप में डॉक्टर भी तैनात किए गए हैं। योग के साथ सुबह की शुरूआत आश्रम में रुकने वाले वरिष्ठजनों की सुबह योग और ध्यान के साथ होती है। उसके बाद सायं को भजन कीर्तन के कार्यक्रम में वरिष्ठजन हिस्सा लेते हैं। समाज कल्याण विभाग के कैंप में सामाजिक समरसता की झलक भी देखने को मिलती है।

# कलैक्ट्रेट में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लव कुश कुमार, सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, नई दिल्ली, भारत सरकार की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित दुर्गावती सभागार में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों में संचालित योजनाओं एवं उनके सापेक्ष अनुसूचित वर्ग के लाभार्थियों के विगत तीन वर्ष का विवरण प्रस्तुत किया गया। सदस्य द्वारा समस्त योजनाओं में अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को जनसंख्या के प्रतिशत अनुरूप लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### सभी विभाग सरकारी योजनाओं की रखें पूरी जानकारी : जिलाधिकारी

करंट क्राइम। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाएं जो उनके विभाग से सम्बंधित हों एवं अपने विभाग द्वारा कराये गये कार्यों की पूर्ण जानकारी अपने पास एकत्र करना सुनिश्चित करें, जिससे समय पर उक्त जानकारी प्राप्त हो सके। बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, सलाहकार, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग वाई०के बंसल, वरिष्ठ अन्वेषक, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, गिरीश राठौड़, पुलिस उपायुक्त (नगर), राजेश कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त (प्रोटोकाल) आनन्द कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी, वेद प्रकाश मिश्र सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रतीक चिह्न भेंट करते हुए सदस्य व सलाहकार तथा वरिष्ठ अन्वेषक को सम्मानित किया गया।



### लाभार्थियों का अनुदान स्वीकृत हो जाये तो उन्हें स्वीकृति पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाए : लव कुश कुमार

करंट क्राइम। लव कुश कुमार ने यह सुझाव दिया गया कि जिन लाभार्थियों का अनुदान स्वीकृत हो जाये उन्हें स्वीकृति पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया जाये, जिससे लाभार्थी संतुष्ट रहे। मा० सदस्य द्वारा निर्देशित किया गया कि विभागीय नियुक्तियों में अनुसूचित वर्ग हेतु निर्धारित आरक्षण का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

## शिप्रा सनसिटी फेज-2 में 'महाकुंभ', स्विमिंग पूल में बना लिया 'संगम'

# लोग ने लगाई आस्था की डुबकी और की पूजा-अर्चना



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्रयागराज में हो रहा आस्था का महाकुंभ अपने आखिरी दौर में है। हालांकि अब भी लोगों की भारी संख्या प्रयागराज पहुंच रही है। ऐसे में इंदिरापुरम शिप्रा सनसिटी फेज 2 इलाके में भी एक 'महाकुंभ' के मिनी प्रारूप जैसी स्थिति नजर आई। यहां की शिप्रा सोसायटी फेज 2 सोसाइटी में स्विमिंग पूल किनारे लोगों ने पूजा-अर्चना करनी शुरू कर दी। देखते ही देखते लोग स्विमिंग पूल में डुबकी भी लगाने लगे। इसके पीछे का कारण समझने की कोशिश की गई तो जो पता चला, पार्षद संजय सिंह बताता है कि मां गंगा के पानी में लोगों की आस्था कितनी गहरी है। लोगों प्रयागराज से जो गंगाजल भरकर लाए वह स्विमिंग पूल में डाला गया है।

उन्होंने बताया कि प्रयागराज से वापस आने के दौरान ये लोग डिब्बे में भरकर गंगाजल भी अपने साथ ले आए। सोसाइटी के लोगों ने गंगाजल लाकर स्विमिंग पूल में छिड़क दिया। स्विमिंग पूल के पानी में संगम का जल मिल जाने के बाद लोगों की आस्था बढ़ गई। सोसाइटी की महिलाओं और पुरुषों के साथ ही कई लोग इकट्ठा हुए और स्विमिंग पूल के किनारे ही पूजा-अर्चना करने लगे। इस दौरान कुछ लोगों ने स्विमिंग पूल में संगम मानकर डुबकी भी लगानी शुरू कर दी। ऐसे में जो लोग गंगा स्नान के लिए महाकुंभ में शामिल होने नहीं जा पाए, उनके लिए स्विमिंग पूल में संगम जैसी आस्था बस गई है। इस दौरान समिति की महिलाओं ने गंगा मां के गीत गाकर इस माहौल को और भी धार्मिक रूप दे दिया। महिलाओं ने पूजा-अर्चना करते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। स्विमिंग पूल में आस्था की डुबकी लगाते हुए लोगों में उत्साह देखने लायक है। रोहित गुप्ता का कहना है कि यह स्नान दो दिन चलेगा और 26 तारीख को भी शाही स्नान के दिन 12: बजे तक लोग स्विमिंग पूल में डुबकी लगाएंगे। इस अवसर पर पार्षद संजय सिंह, रोहित गुप्ता, सुशील चौधरी, अमितेश, अंशुमान, सुनील , हेमा वर्मा, विंदा चावरे , उषा यादव, निरूपा चमोला, पूनम कपूर, कुमकुम, आशा रत्ती, विशाखा, शशि यादव, विवेक श्रीवास्तव आदि लोग व्यवस्था में लगे रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व डिप्टी मेयर तथा मौजूदा निगम पार्षद प्रवीण चौधरी के सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के एक ओर पड़ाव पूरा करने पर उन्हें बधाई शुभकामनाएं मिली। सहकारिता क्रय विक्रय समिति चैयरमैन वीरेंद्र सारस्वत ने प्रवीण चौधरी और उनकी पूर्व पार्षद पत्नी पारस चौधरी को उनकी मैरिज एनिवर्सरी की बधाई शुभकामनाएं दी। उनके सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की । इस अवसर पर उनके साथ जितेन्द्र रंधावा तथा सिमरन रंधावा भी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### 27 फरवरी को डॉ० मीनाक्षी भराला का गाजियाबाद में भ्रमण व महिला जनसुनवाई कार्यक्रम प्रस्तावित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला प्रोबेशन अधिकारी, गाजियाबाद की ओर से प्रेस नोट जारी करते हुए अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्या डा० मीनाक्षी भराला के गाजियाबाद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार सदस्या 27 फरवरी 2025 को प्रातः 11.00 बजे गाजियाबाद पहुंचेंगी। लोक निर्माण विभाग, गाजियाबाद के निरीक्षण भवन में महिला जनसुनवाई करेंगी। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में इच्छुक महिलाएं अपनी शिकायत / समस्या के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र सहित उपस्थित होकर सदस्या राज्य महिला आयोग से सम्पर्क कर सकती हैं, उनकी शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जायेगा।

SheWings Foundation
A section 8(1) company, registered under Companies Act, 2013
Registered office address: BS -161, sector 70, Noida -201301
Phone: +91 8800633291 / 0120-2502355
NOTICE INVITING TENDER (UTTAR PRADESH)

SheWings Foundation invites bids from eligible bidders for the following tender:

| Tender No_ | Item Description | Bid Due Date & Time |
|---|---|---|
| 01 | 01. RO-250 LPH (RO+UV+UF+TDS Controller) X35 sites<br>02. Supply, Installation & Commissioning, Testing,Training and after Sale Maintance services on site till one year<br>03. 1 Yr Warranty for manufactruing defect including repaires & maintenance or replacement of any electrical parts & all pumps with all consumables (As per schedule of contract sign with company) | 07.03.2025 up to 14:00 hrs. (IST)<br>Techno-Commercial Bid will be open on 8th March |

Tender details can be downloaded from the following website:
- https://www.shewingsfoundation.com

All updates, amendments, corrigendum, Bid Due Date extensions, if any, shall be uploaded on above website only. Bidders are requested to view the SheWings Foundation website regularly.

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।